हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## रायपुर को सौगात

- जानिए आपके शहर में किस वर्ग को क्या मिला...
- स्टूडेंट्स को होम्योपैथी कॉलेज

### स्वास्थ्य सुविधाएं

- *कालीबाड़ी अस्पताल में मातृ-शिशु इलाज के लिए 200 बिस्तरों का सेटअप तैयार किया जाएगा।*
- *रायपुर में राज्य का पहला होम्योपैथी कॉलेज खोलने की तैयारी है। रामकुंड स्थित एक निजी संस्थान में डिप्लोमा पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है। रायपुर के अधिकतर छात्र होम्योपैथी में डिग्री हासिल करने अब तक कोलकाता का रूख करते रहे हैं।*
- *रायपुर में एक उन्नत कार्डियक इंस्टिट्यूट की स्थापना की जाएगी।*
- *दुर्ग, कोंडागांव और जशपुर के अलावा रायपुर में भी जीएनएम अर्थात जनरल नर्सिंग मिडवाइफरी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे।*
- *सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए बुनियादी ढांचे के लिए 25 करोड़ का प्रावधान किया गया है।*
- *रामनगर रायपुर पीएचसी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विस्तार होगा।*

### शिक्षा एवं युवा कल्याण

- *अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्राओं के लिए रायपुर में 200 सीटों की क्षमता वाला छात्रावास बनाया जाएगा।*
- *दुर्ग, जशपुर, बलौदाबाजार तथा रायगढ़ के साथ रायपुर के एक-एक सरकारी महाविद्यालय में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए 15 करोड़ का प्रावधान किया गया है। रायपुर के छत्तीसगढ़ महाविद्यालय का चयन इस योजना के लिए हुआ है।*
- *ट्रिपलआईटी को अधोसंरचना विकास के लिए 20 करोड़ रुपए प्रदान किए जाएंगे।*
- *तूता नवा रायपुर में कंवेंशन सह एक्जिबिशन सेंटर के लिए 25 करोड़ तथा नवा रायपुर और राजनांदगांव में इंडस्ट्रियल फैसिलीटेशन कांप्लेक्स के लिए 20 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।*
- *प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए रायपुर में मेगा एग्जाम सेंटर बनाया जाएगा। यहां हाईटेक व्यवस्था रहेगी। कंप्यूटरीकृत एग्जाम के साथ हर तरह की परीक्षाएं यहां आयोजित की जा सकेंगी।*
- *रविवि को 40 करोड़ अनुदान की भी घोषणा की गई है। इसके अलावा कृषि विश्वविद्यालय को 250 करोड़ की अनुदान राशि दी जा रही है।*



## सरोना, जरवाय में नए थाने तेलीबांधा का भवन बनेगा

पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद शहर के आकार और बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने दो नए थाने खोलने का फैसला किया है। बजट में सरोना और हीरापुर जरवाय में नए थाने खोलने की घोषणा की है। दरअसल, सरोना का इलाका काफी बड़ा है और आउटर होने की वजह से कुछ हिस्सा संवेदनशील भी माना जाता है। यहां थाने की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसी तरह औद्योगिक क्षेत्र से लगे हीरापुर, जरवाय का शहरीकरण हो चुका है। औद्योगिक एरिया से लगे इस इलाके में थाने की जरूरत थी। इधर, तेलीबांधा थाना भवन के लिए भी सरकार ने राशि का प्रावधान किया है। अभी भवन काफी छोटा है और जर्जर भी है। रिंगरोड, हाईवे समेत नाकेबंदी के लिए तेलीबांधा इलाके को महत्वपूर्ण माना जाता है। यहां पर्याप्त स्टाफ के साथ सुविधाओं की अभी कमी ही है।

# शारदा चौक से तात्यापारा तक फ्लाईओवर
# दो नए थाने, सड़कों के लिए खुला खजाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शारदा चौक और तात्यापारा से रोजाना गुजरने वाले राहगीरों को इस बजट में बड़ी राहत मिली है। शारदा चौक से तात्यापारा तक फ्लाईओवर का प्रावधान बजट में किया गया है। इसके लिए 10 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। तात्यापारा-शारदा चौक फ्लाईओवर के अलावा रायपुर के बढ़ते यातायात को देखते हुए मोवा से सेरीखेड़ी, लाभांडी से सड्डू सहित भनपुरी चौक में भी फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 220 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मोवा से दलदल सिवनी ब्रिज तक सड़क के लिए 8 करोड़ रुपए और वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में फुट ओवरब्रिज के लिए 7 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त अशोका रतन से कचना के बीच 8 करोड़ की लागत से बड़े पुल का निर्माण किया जाएगा। ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने पुलिस और नगर निगम को फंड देने की घोषणा भी की गई है। इसके अलावा अंडरग्राउंड विद्युत लाइन के लिए 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।



### मिल्क प्रोसेसिंग सेंटर और तीरंदाजी अकादमी

रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर में मिल्क प्रोसेसिंग सेंटर का उन्नयन 90 करोड़ की लागत से होगा। जगदलपुर और अंबिकापुर के साथ-साथ बिलासपुर से हवाई सेवाओं के विस्तार के लिए प्रावधान किए गए हैं। इससे रायपुर आगमन करने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त नवा रायपुर में राष्ट्रीय तीरंदाजी अकादमी की स्थापना की जाएगी। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए यह सहायक होगा।



### पूर्ववर्ती सरकार ने मंजूर किए थे 138 करोड़

गौरतलब है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में शहर के शारदा चौक से तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 138 करोड़ मंजूर किए थे। योजना 18 साल से लंबित रही। सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर ट्रैफिक जाम कम करने के लिए फूल चौक के पास संकरे हिस्से को चौड़ा करना इसमें शामिल रहा। इमसें 88 से ज्यादा मकान व दुकान प्रभावित होते। इसके लिए नगर निगम और जिला प्रशासन की टीम ने सर्वे कर नापजोख भी कराई थी। प्रक्रिया में प्रभावितों के मुआवजे को लेकर काम आगे बढ़ता इससे पहले विधानसभा चुनाव होने के बाद प्रदेश में सरकार बदल गई।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने मांगे पैसे धरा गया लूट का आरोपी

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने लूटपाट करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी यश तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 दिसंबर 2025 को वह महादेवघाट मंदिर से वापस लौट रहा था। इसी दौरान महादेवघाट तिराहे के पास उमेश उर्फ चाटी एवं भोज साहू निवासी ग्राम अछोला तुमगांव महासमुंद हाल पता चंगोराभाठा ने शराब पीने के लिए उससे पैसों की मांग की। मना करने पर दोनों ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौज एवं मारपीट कर उसका मोबाइल एवं नकदी पैसे लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में जांच करते हुए भोज साहू को गिरफ्तार किया, वहीं उसका साथी अभी भी फरार है।

### शराब के नशे में की दुर्घटना, चालक गिरफ्तार

**रायपुर।** शराब के नशे में ड्राइविंग कर दोपहिया वाहन चालक को ठोकर मारकर घायल करने वाले ट्रेलर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एनएच-53 रिंग रोड नंबर-1 पर 23 फरवरी को सुबह 11 बजे कंटेनर ट्रेलर क्रमांक आरजे-14-जीके-1567 के चालक ने शराब के नशे तेज गति से वाहन चलाते हुए एक्टिवा सवार को ठोकर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रामकृष्ण अस्पताल में दाखिल कराया गया है। घटना के बाद ट्रेलर चालक फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी चालक की पहचान इमारत सिंह राजपूत निवासी मकरझीर सनईडोंगरी, तहसील लखनाडोन थाना धूमा जिला सिवनी मध्यप्रदेश के रूप में हुई है। घटना के समय आरोपी नशे में था। इसकी पुष्टि भी डाक्टरी परीक्षण में हो गया है।

## सीबीएसई का नया कारनामा, दो घंटे देर से प्रारंभ हुआ 12वीं का पर्चा, छात्रों को कमरे में रखा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- मंगलवार को था बारहवीं कक्षा के अकाउंट विषय का पर्चा
- समय पर नहीं पहुंच सका प्रश्नपत्र, डब्ल्यूआरएस केंद्रीय विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र की घटना

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित बारहवीं की परीक्षा में मंगलवार को बड़ी चूक हो गई। मंगलवार को बारहवीं कक्षा का अकाउंट का पर्चा था। अन्य विद्यालयों के साथ डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित केंद्रीय विद्यालय को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया था। यहां दो निजी स्कूलों के लगभग 100 से अधिक छात्र परीक्षा दिलाने पहुंचे थे। परीक्षा का समय 10.30 से 1.30 निर्धारित था। छात्र निर्देशानुसार परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटे पहले पहुंच गए। छात्रों को 10 बजे कक्ष में प्रवेश देकर अन्य औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गईं, लेकिन 10.30 बजे छात्रों को प्रश्नपत्र बांटे नहीं जा सके।

छात्रों से कभी कहा गया कि 10 मिनट में प्रश्नपत्र पहुंच जाएगा तो कभी कहा गया कि 15 मिनट में प्रश्नपत्र उन्हें मिल जाएगा। इस तरह छात्रों को लगभग 2 घंटे इंतजार के बाद करीब 12 बजे प्रश्नपत्र बांटे गए। परीक्षाएं 3 बजे तक चली। इस दौरान छात्रों को कमरे में ही बंद रखा गया। परीक्षा दिलाने पहुंचे विद्यार्थियों की संख्या करीब 100 थी। छात्रों को लेने 1.30 बजे परीक्षा केंद्र पहुंचे पालक 1.30 घंटे तक इंतजार करते रहे। पूरे प्रकरण पर शाला प्रबंधन ने परीक्षा का संचालन सीबीएसई द्वारा होने तथा विद्यालय की कोई भूमिका नहीं होने की बात कही। वहीं सीबीएसई के रायपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा इस संदर्भ में ना तो कोई जवाब दिया गया और ना ही वस्तुस्थिति स्पष्ट की गई।

### पहली बार गड़बड़ी

छग में सीबीएसई परीक्षाओं में पहली बार इतनी गड़बड़ी सामने आ रही है। इस सत्र में ही रायपुर में सीबीएसई का क्षेत्रीय कार्यालय खोला गया है। यह प्रतिष्ठा के लिए घातक है।

- राजीव गुप्ता, अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

### 10वीं में फोटोकॉपी करके बांटे गए प्रश्नपत्र

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, पर्याप्त संख्या में प्रश्नपत्र विद्यालय नहीं पहुंच सका था। इसके कारण अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हुई। सीबीएसई की परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ियों ने छात्रों संग शिक्षाविदों को भी हैरान कर दिया है। इसके पूर्व 17 फरवरी को दसवीं कक्षा के पहले विषय की परीक्षा में ही बड़ी गड़बड़ी सामने आई थी। दंतेवाड़ा के बालूद जिले के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में छात्रों की निर्धारित संख्या से 56 प्रश्नपत्र कम पहुंचे थे। प्रश्नपत्र की फोटोकॉपी करने के बाद यहां छात्रों को प्रश्नपत्र बांटे गए। यहां परीक्षाएं 12.45 से प्रारंभ होकर 3.45 बजे तक चली। इस केंद्र में बेसिक के 165 तथा स्टैंडर्ड के 20 छात्रों के लिए केंद्र बनाए गए थे।

## शहर में गरजे बादल, बिलासपुर, जगदलपुर में बूंदाबांदी, दो दिन रह सकता है असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सिस्टम के आगे बढ़ते ही 33 डिग्री पर चढ़ा राजधानी का पारा

सोमवार को प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाला सिस्टम भले ही आगे बढ़ गया हो, मगर बड़ी मात्रा में आने वाली नमी के कारण अगले दो दिन मौसम में बदलाव की पूरी संभावना है। मंगलवार को शाम होने के बाद शहर के ऊपर बादल गड़गड़ाते रहे, वहीं जगदलपुर और रायपुर में हल्की बारिश भी हुई। बदले मौसम की वजह से सरगुजा और बिलासपुर संभाग में अभी बारिश की संभावना बनी हुई है।



काफी दिनों बाद सोमवार को राजधानी में मौसम ने अपना बदला रूप दिखाया था। रात के मौसम में इसका कोई बड़ा असर तो नहीं हुआ था, मगर दिन में बादल छंटने की वजह से तापमान 28 से 34 डिग्री तक पहुंच गया। धूप निकलने से गर्मी ने फिर अपना असर दिखाया, मगर राज्य के उत्तर और दक्षिणी भाग में बादल छाए रहे, जो दोपहर बाद मामूली रूप से बरसे भी। शहर में दिन में तो मौसम सामान्य रहा, मगर शाम होने के बाद इसमें बदलाव नजर आया। काफी दर तक गर्जना होती रही। ⏭ शेष पेज 11 पर

## कोल घोटाले में फरार आरोपी नारायण को ईओडब्ल्यू ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोल घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू- एसीबी ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी नारायण साहू को गिरफ्तार किया है। ईओडब्ल्यू-एसीबी की जांच में नारायण साहू कोल घोटाले के मास्टर माइंड सूर्यकांत तिवारी का काफी करीबी था तथा घोटाला की राशि को कलेक्शन करने से लेकर उसे कहां-कहां पहुंचाना है, यह पूरा काम वह करता था। इस मामले में फंसी निलंबित अधिकारी सौम्या चौरसिया तक उसने पैसे पहुंचाने का काम किया है।



ईओडब्ल्यू-एसीबी नारायण साहू को गिरफ्तार करने के लिए करीब ढाई साल से तलाश कर रही थी। ⏭ शेष पेज 11 पर

### कोर्ट ने पुलिस रिमांड पर भेजा

इस मामले में नारायण को कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान ईओडब्ल्यू की ओर से कोर्ट में आरोपी को रिमांड पर लेने के लिए अर्जी लगाई गई थी, जिसे कोर्ट ने मंजूरी दे दी है। रिमांड पर लेने के बाद अब नारायण से कोल लेवी राशि के कलेक्शन, पैसे के हस्तांतरण तथा उसके नाम पर क्रय की गई संपत्तियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि इस पूछताछ के दौरान कई राज खुल सकते हैं, जिससे ईओडब्ल्यू की दृष्टि से इस केस को और मजबूती मिलेगी।

### राज्य सरकार ने जन सुरक्षा के मद्देनजर लिया निर्णय

## होली के दिन अब नहीं खुलेंगी शराब की दुकानें, शासन ने वापस लिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में होली के दिन भी शासकीय शराब दुकानों को खोले जाने के मामले में राज्य सरकार बैकफुट पर आ गई है। सरकार ने इस आदेश को वापस ले लिया है। यानी अब हर बार की तरह इस बार भी होली के दिन शराब की दुकानें बंद रहेंगी। बताया जा रहा है कि यह फैसला लोगों की सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा शांति पूर्ण रूप से होली पर्व को मनाया जा सके, इसके मद्देनजर लिया गया है।

शासन ने चालू वर्ष से 7 ड्राई डे में से 3 ड्राई डे जिसमें होली, मुहर्रम और महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी को मुक्त किया था। इन तीनों ड्राई डे के दिन भी प्रदेश में शराब की दुकानों के साथ अहाता खोलने का आदेश जारी हुआ था। इस आदेश के तहत 30 जनवरी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के दिन शराब की दुकानों के साथ अहाते भी खुले रहे। हालांकि इसका विपक्षी दलों ने पुरजोर विरोध किया था। पूर्व में जारी आदेश के तहत होली में रंग-गुलाल खेलने के दिन भी शराब दुकान-अहाता को खोले जाने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन अचानक इस मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा कर दी कि होली के दिन शराब दुकानें नहीं खुलेंगी। इस घोषणा के अनुरूप इस संबंध में मंगलवार को आबकारी विभाग ने आदेश भी जारी किया है, जिसके तहत अब रंग-गुलाल खेलने के दिन शराब की दुकानों-अहातों को बंद रखने कहा है।

### लाइसेंसी होटल-बार, रेस्टोरेंट में भी शराब परोसने पर प्रतिबंध

आबकारी विभाग के विशेष सचिव देवेंद्र सिंह भारद्वाज ने होली के दिन शराब दुकान-अहाता बंद रखने संबंधित आदेश जारी किया है। इस आदेश में आबकारी विभाग से शराब पिलाने का लाइसेंस प्राप्त होटल, बार, रेस्टोरेंट एवं क्लब में भी होली के दिन शराब परोसने पर प्रतिबंध लगाया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई है।



### *जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीमें होंगी गठित*

*प्रतिबंध के बाद भी होली के दिन कुछ होटल, क्लब, रेस्टोरेंट एवं बार में चोरी छिपे शराब परोसी जाती है। इसके अलावा कई लोग अवैध रूप से शराब की बिक्री करते हैं। इसके अलावा होली के कुछ दिन पहले अवैध रूप से शराब की तस्करी-परिवहन जैसे कई मामले पिछली होली के दौरान सामने आ चुके हैं। इसे देखते हुए विभाग ने जिला, संभाग और राज्य स्तरीय टीमें गठित करने के निर्देश दिए हैं। ये सभी टीमें होली के दिन शराब परोसने, अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन करने वालों पर नजर रखेंगी।*

# भाजपा नेता बोले- बजट में हर वर्ग का रखा ध्यान
# कांग्रेस नेताओं ने कहा- हर वर्ग को ठगा

रायपुर। प्रदेश की भाजपा सरकार के बजट को प्रदेश के मंत्रियों के साथ ही सांसद, विधायक और भाजपा नेताओं ने विकास की ऊंचाइयों पर ले जाने वाला बजट बताया है। भाजपा नेताओं का कहना है, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हर वर्ग का ध्यान रखते हैं। बजट में इसकी साफ झलक दिख रही है। कांग्रेस के नेताओं ने बजट को निराशाजनक और हर वर्ग को ठगने वाला बताया है।

## बजट सर्वसमावेशी विकास की अवधारणा



छत्तीसगढ़ के पूर्व वित्त मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ विधायक अमर अग्रवाल ने बजट प्रावधानों को सर्वसमावेशी विकास की अवधारणा को साकार करने की दिशा में उठाया क्रांतिकारी कदम बताया। श्री अग्रवाल ने कहा, बजट में सुशासन और तकनीक पर जोर देते हुए इसी प्रकार फिंगरप्रिंट ऑथेंटिकेशन और उन्नत आईटी सेवाओं के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।

## विकसित छत्तीसगढ़ की रूपरेखा



सांसद संतोष पांडेय ने कहा, प्रदेश सरकार के इस बजट में विकसित छत्तीसगढ़ की रूपरेखा तैयार की गई है। बजट में बस्तर से लेकर सरगुजा तक सरकार ने दिल खोलकर प्रावधान रखा है। किसान, युवा, महिला सभी को इस बजट का लाभ मिलेगा। प्रदेश की 3 करोड़ जनता के हितों को ध्यान में रखकर यह बजट प्रस्तुत किया गया है। छत्तीसगढ़ का यह बजट सामाजिक न्याय और आर्थिक विकास के बीच संतुलन स्थापित करेगा।

## राज्य का होगा चहुंमुखी विकास



बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एवं कॉलेजेस के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1,72,000 करोड़ रुपए का अनुमानित बजट पेश किया। बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के लिए 8050 करोड़ का बजट रखा गया है, जिसमे शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान भारत के लिए 1500 करोड राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 2000 करोड़, नए मेडिकल कॉलेज, दंतेवाड़ा, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, मनेंद्रगढ़, राज्य शासन के कर्मचारियों को कैशलेस इलाज के लिए 100 करोड़, ऐसे अनेकों प्रावधान बजट में किए गए हैं, जिसका लाभ राज्य की जनता को मिलेगा।

## हर वर्ग का बजट में ध्यान : सांसद बृजमोहन



सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, यह बजट समाज के हर वर्ग महिला, किसान, युवा, मजदूर और गरीब को साथ लेकर चलने वाला है। खाद्यान्न योजना से लेकर महतारी सदन, मेडिकल कॉलेज से लेकर उद्योग और सड़क विकास तक हर क्षेत्र में मजबूत प्रावधान यह साबित करते हैं कि सरकार केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि ठोस क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, यह बजट विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण की ठोस आधारशिला है।

## जनता को निराश किया : सुशील आनंद



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, बजट ने राज्य की जनता को निराश किया। बजट में रोजगार, शिक्षा, कृषि उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कुछ नहीं है। राज्य के वित्त मंत्री केंद्रीय योजनाओं, राष्ट्रीय राजमार्ग और रेल परियोजना का श्रेय ले लिया। सरकार का कोई भी ठोस विजन बजट में नहीं दिखा।बजट में नये रोजगार के अवसर तथा राज्य के सर्वहारा वर्ग के लिए कुछ भी नहीं है।

## बजट को चैंबर ने सराहा, सतीश थौरानी ने कहा- सशक्त रोडमैप प्रस्तुत करता है बजट



छत्तीसगढ़ चैबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट का स्वागत करते हुए इसे राज्य की 3 करोड़ जनता, विशेषकर उद्योग एवं व्यापार जगत की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब बताया है। उन्होंने कहा कि यह दूरदर्शी एवं संतुलित बजट संकल्प की भावना के साथ विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का सशक्त रोडमैप प्रस्तुत करता है। श्री थौरानी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह बजट सुशासन, पारदर्शिता, निवेश प्रोत्साहन और औद्योगिक विकास के माध्यम से राज्य को आत्मनिर्भर एवं प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था की दिशा में अग्रसर करेगा। यह बजट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन से प्रेरित होकर छत्तीसगढ़ को नई औद्योगिक ऊँचाइयों पर ले जाने का सामर्थ्य रखता है। चैबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, राज्य में 23 नए औद्योगिक पार्कों की स्थापना के लिए 250 करोड़ रुपए का प्रावधान औद्योगिक निवेश, उत्पादन क्षमता एवं व्यापक रोजगार सृजन को गति देगा। व्यापार और उद्योग को नई ऊर्जा देते हुए बजट में व्यापारिक अधोसंरचना और औद्योगिक विकास के लिए किए गए विशेष प्रावधानों से प्रदेश में निवेश का वातावरण निर्मित होगा। उद्योगों के बजट को 248 करोड़ से बढ़ाकर 775 करोड़ करना सरकार की औद्योगिक विकास के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। लैंड बैंक विकास योजना के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान उद्योगों के लिए भूमि उपलब्धता सुनिश्चित कर निवेश प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाएगा।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट



भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय ने कहा, बजट में महिलाओं पर भी फोकस करते हुए महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर, उद्यमी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 8,200 करोड का प्रावधान किया गया है। प्रदेश सरकार ने एक नई योजना रानी दुर्गावती योजना लाई है। इस योजना के तहत परिवार में बालिका के जन्म पश्चात बालिका के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 1.50 लाख रुपए दिए जाएंगे।

## महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा को समर्पित



जेआईटीओ (जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन) रायपुर चैप्टर के चेयरमैन एवं एटी ज्वेलर्स के संचालक तिलोकचंद बरड़िया ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में पेश किए गए बजट को समाज के हर वर्ग के लिए संकल्प से भरा हुआ बताया है। श्री बरड़िया ने विशेष रूप से रानी दुर्गावती योजना की सराहना की, जिसके तहत बालिकाओं के 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर डेढ़ लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा, यह योजना न केवल बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करेगी, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देगी। जैन समाज हमेशा से बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के लिए कार्यरत है और सरकार का यह कदम हमारे समाज के मूल्यों के अनुरूप है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि प्रदेश में बनने वाले 23 नए औद्योगिक पार्कों में कुटीर एवं लघु उद्योगों के लिए विशेष जोन बनाए जाएंगे, जिससे पारंपरिक हस्तशिल्प एवं ज्वेलरी निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री लखपति दीदी भ्रमण योजना को भी सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे महिला उद्यमियों को नई दिशा मिलेगी।

## संकल्प से सिद्धि को समर्पित



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बजट का स्वागत करते हुए इसे छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप, दूरदर्शी और राज्य को समृद्ध बनाने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज बताया है। श्री देव ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास, क्षेत्रीय संतुलन, मजबूत आधारभूत संरचना, मानव संसाधन विकास, अंतिम छोर तक सेवाओं की उपलब्धता तथा राज्य को निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने पर केंद्रित है।

## विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में ऐतिहासिक कदम



छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ. सलीम राज ने "विकसित छत्तीसगढ़ का रोडमैप" बताते हुए बजट का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप यह बजट राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश को नई दिशा देगा। रायपुर में 200 बिस्तर वाले अस्पताल, मेगा परीक्षा केंद्र, खाद लैब, दृष्टिबाधित शाला के लिए 2.5 करोड़ का प्रावधान और देवभवन स्वामी विवेकानंद निवास को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की घोषणा राजधानी को शिक्षा, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक दृष्टि से नई पहचान दिलाएगी। साथ ही तेलीबांधा थाना का

## हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया बजट



बीजेपी जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किए गए बजट 2026-27 में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। आगामी दिनों में छत्तीसगढ़ देश के पांच बड़े अर्थव्यवस्था वाले राज्यों में रहेगा, बहुत ही सराहनीय बजट और अंतिम व्यक्ति के लाभ का बजट है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री को शुभकामनाएं दीं।

## उद्योगों के लिए कुछ नहीं : सुरेंद्र वर्मा



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ में आयरन स्टील, रोलिंग मिल, कृषि और वनोपज प्रसंस्करण आधारित इकाइयां ही औद्योगित अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन इस बजट में उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए कुछ भी नहीं है। बस्तर की इमली के मांग दुनियां भर में थी, जगदलपुर का मंडी एशिया की सबसे बड़ी इमली मंडी हुआ करती थी, इस सरकार ने उसे पूरा खत्म कर दिया।

## राज्य में होम्योपैथिक शिक्षा चिकित्सा और अनुसंधान को मिलेगा बढ़ावा



शासकीय आयुर्वेद कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संजय शुक्ला ने छत्तीसगढ़ के नए बजट को युवा छत्तीसगढ़ के लिए विकासोन्मुखी बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में पहले सरकारी होम्योपैथी कॉलेज की घोषणा की गई है, जिससे राज्य में होम्योपैथिक शिक्षा, चिकित्सा और अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। इस घोषणा से जहां राज्य के छात्रों को इस पद्धति की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिल सकेगी, वहीं जनसामान्य को भी इस चिकित्सा का लाभ मिलेगा। बजट में घोषित डायलिसिस केंद्र, राष्ट्रीय कैंसर संस्थान और एडवांस्ड कॉर्डियक इंस्टीट्यूट की स्थापना से आम जनता को काफी राहत मिलेगी। यह बजट स्वस्थ छत्तीसगढ़, समृद्ध छत्तीसगढ़ ' के लक्ष्य पूर्ति में सहायक है। बजट में घोषित 'मुख्यमंत्री मिशन' से छात्र, युवा, उद्यमी, किसान लाभान्वित होंगे तथा इससे राज्य में 'एआई' जैसे तकनीक आधारित विकास को गति मिलेगी। , बजट में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों और युवाओं को आर्थिक सहायता देने तथा कैरियर काउंसिलिंग तथा उद्यमिता मार्गदर्शन केंद्र शुरू करने की घोषणा की गई है, जो नई पीढ़ी के लिए उत्साहजनक है।

## महिला हितैषी बजट : लता उसेण्डी



भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विधायक लता उसेंडी ने प्रदेश सरकार के बजट को महिला हितैषी एवं सर्वसमावेशी बताते हुए कहा, सरकार ने इस वर्ष को महतारी गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में प्रदेश की लखपति दीदीयों को, सफल महिला उद्यमियों की कार्य प्रणाली तथा उनके सफल व्यवसाय मॉडल का अध्ययन करने हेतु लखपति दीदी भ्रमण योजना में 5 करोड का बजट प्रावधान किया गया है।

## राज्य बजट से सामाजिक कार्यों का होगा विस्तार



महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि तीसरे बजट में जो प्रावधान किए गए हैं, उससे सामाजिक कार्यों का विस्तार होगा। सियान गुड़ी जैसे वरिष्ठ सदस्यों की कल्याण योजना के लिए वार्षिक बजट में सम्मानजनक राशि का प्रावधान किया गया है, जो संवेदनशील नीति का द्योतक है। युवाओं के शिक्षण विस्तार के लिए महाविद्यालय स्थापना, भवन निर्माण, नालंदा वाचनालय, युवाओं के कैरियर गाइडेंस के लिए व बच्चियों के 18 वर्ष पूर्ण होने पर 15 हजार रुपए और स्किल डेवलपमेंट के लिए बजट प्रावधान प्रशंसनीय है। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद पांच हजार करोड़ का बजट अब 35 गुना बढ़कर एक लाख 72 हजार करोड़ पहुंच गया है।

## बजट में युवा बेरोजगारों की हुई उपेक्षा



छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा "संकल्प" नाम से प्रस्तुत बजट पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता भगवानू नायक ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, यह बजट युवाओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में पूरी तरह असफल रहा है। उन्होंने कहा, प्रदेश में लगभग 30 लाख से अधिक युवा बेरोजगार हैं, बावजूद इसके बजट में उनके लिए कोई ठोस योजना, भर्ती प्रक्रिया या रोजगार सृजन का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत नहीं किया गया। छत्तीसगढ़ एक युवा प्रदेश है और यदि युवाओं को ही नजरअंदाज किया जाएगा तो विकास की परिकल्पना अधूरी रह जाएगी।

## महिला सशक्तिकरण का बजट है 'बजट संकल्प 26-27'



छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्तुत तीसरे बजट में बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु "रानी दुर्गावती योजना" के अंतर्गत 18 वर्ष पूर्ण करने पर बालिकाओं को 1.5 लाख की राशि प्रदान करने की घोषणा ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी निर्णय है। इस महत्वपूर्ण पहल का भाजपा नेत्री सावित्री जगत ने स्वागत एवं प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रदेश की बेटियों को आत्मनिर्भर, शिक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। "महतारी योजना" के पश्चात अब बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित करने हेतु यह कदम राज्य सरकार की महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## अधोसंरचना के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प



छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2026-27 का 1.72 लाख करोड़ का बजट प्रदेश के समग्र, संतुलित और दूरदर्शी विकास का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। यह बजट केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि प्रदेश को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, महिला सशक्तिकरण और अधोसंरचना के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प है। इस संबंध में शोधार्थी एवं पॉलिटिकल ऑब्जर्वर, भाजयुमो के योगेश साहू ने बजट में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए ब्याज-मुक्त ऋण, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन तथा कृषि पंपों के लिए बड़े प्रावधान किए गए हैं।

## मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री का जताया आभार



जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिन्होंने वर्ष 2026-27 के बजट में छत्तीसगढ़ के गांव, गरीब और किसान को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ऐतिहासिक प्रावधान किए हैं। यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक सशक्त कदम है। ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए 16,560 करोड़ का भारी-भरकम प्रावधान किया गया है, जो गांव से लेकर शहर तक विकास की नई गाथा लिखेगा। यह बजट जिला पंचायतों को विकास की धुरी बनाने और ग्रामीण जनता के विश्वास पर खरा उतरने वाला है।

## बजट से पेंशनर्स एसोसिएशन निराश

छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव, महामंत्री उमेश मुदलियार, जिला अध्यक्ष राजेंद्र उमाठे ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट से प्रदेश के डेढ़ लाख पेंशनर्स एवं परिवार पेंशनर्स को निराशा हाथ लगी है। उम्मीद थी कि सेवारत कर्मचारियों के साथ ही पेंशनरों को महंगाई राहत भुगतान एवं कैशलेस चिकित्सा सुविधा की योजना लागू करने के संबंध में बजट में ऐलान किया जाएगा, किंतु वित्त मंत्री के प्रस्तुत बजट से पेंशनर परिवार निराश हुए हैं। पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा एवं महंगाई राहत भुगतान पर सरकार पुनर्विचार करेगी।

## कर्मचारियों के लिए कैश लेश चिकित्सा का स्वागत

छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ ने प्रदेश के बजट में शिक्षकों कर्मचारियों के कैश लेश चिकित्सा के लिए 2026-27 के बजट में 100 करोड़ का प्रावधान किए जाने का स्वागत किया है। संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा, संघ लंबे वक्त से इस आशय की मांग कर रहा था तथा उत्तरप्रदेश की योगी सरकार के बाद साय सरकार अब देश की दूसरी सरकार हो गई है जो अपने कर्मचारियों के लिए कैश लेश चिकित्सा का प्रावधान किया है। उन्होंने वित्तमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## कृषि एवं निर्यात क्षेत्र को मिलेगी नई दिशा



द राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. मुकेश जैन ने छत्तीसगढ़ बजट 2026 का स्वागत करते हुए इसे राज्य की अर्थव्यवस्था, कृषि एवं औद्योगिक विकास के लिए एक दूरदर्शी एवं संतुलित बजट बताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत यह बजट मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विकसित छत्तीसगढ़ के विजन तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुरूप है। बजट में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, एमएसएमई, आधारभूत संरचना एवं औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन देने वाले प्रावधान राज्य के चावल उद्योग एवं एग्री-एक्सपोर्ट सेक्टर को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। उन्होंने विशेष रूप से निर्यात प्रोत्साहन, लॉजिस्टिक्स सुधार एवं औद्योगिक अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय एवं वैश्विक बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी।

## छग सरकार का बजट युवाओं के साथ छलावा



रायपुर। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए एनएसयूआई मीडिया विभाग के चेयरमैन संकल्प मिश्रा ने कहा कि यह बजट युवाओं, छात्रों और बेरोजगारों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। बजट में न तो नई शासकीय भर्तियों का स्पष्ट रोडमैप दिया गया है और न ही रिक्त पदों को भरने की समयबद्ध घोषणा की गई है। उच्च शिक्षा, छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और बेरोजगारी भत्ता जैसे अहम मुद्दों पर सरकार मौन है। यह बजट केवल आंकड़ों का खेल है।

## महिलाओं को निराशा करने वाला : राजपूत



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा, यह बजट काल्पनिक है, धरातल पर बिल्कुल शून्य है। बजट महिलाओं को निराशा किया है। प्रदेश की महिलाओं को इस बजट से यह विश्वास था कि महिला सुरक्षा और महिलाओं के रोजगार पर कुछ विशेष पैकेज रहेगा लेकिन इस बजट में ऐसा कुछ भी नहीं रहा।

## कैट के टूरिज्म और एकल खिड़की के सुझावों को बजट में मिला स्थान, राज्य सरकार का जताया आभार

### विजन 2047 की दिशा में सर्वांगीण विकास का बजट : पारवानी



कैट के टूरिज्म एवं एकल खिड़की के सुझावों को राज्य के बजट में प्रदेश सरकार ने प्रमुखता से स्थान दिया है। इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कैट के पदाधिकारियों ने विजन 2047 की दिशा में सर्वांगीण विकास बजट करार दिया है। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैनन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से कहा है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की दिशा में एक दूरदर्शी एवं संतुलित बजट है। बजट का स्वागत करते हुए पदाधिकारियों ने इसे मिशन 5 के माध्यम से युवा, व्यापार और अधोसंरचना केंद्रित विकास का रोडमैप बताया है। उनका ये भी कहना है स्टेट कैपिटल रीजन डेवलपमेंट एवं नवाचार राजधानी के विकास में अभूतपूर्व गति देगा। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री के विजन 2047 के अनुरूप छत्तीसगढ़ को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की ठोस पहल है। कैट के पंडरी स्थित प्रदेश कार्यालय में राज्य सरकार के बजट 2026-27 सीधा प्रसारण देखने कैट, युवा टीम एवं महिला टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे इनमें- विक्रम सिंहदेव, जीवत बजाज, परमानंद जैन, सुरिन्द्रर सिह, राकेश ओचवानी, सतीश श्रीवास्तव, मोहन वल्र्यानी, जयराम कुकरेजा, मुकेश मोटवानी, मधु अरोरा एवं प्रेरणा भट्ट उपस्थित रहे।



## चेयरमैन सुनील सिंघी ने सीएम साय से की मुलाकात

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी एवं बोर्ड के सदस्य अमर परवानी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओ. पी चौधरी से सौजन्य भेंट कर वित्तीय वर्ष 2026-27 के दूरदर्शी बजट के लिए उन्हें हार्दिक बधाई दी। श्री सिंघी ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री के विकसित भारत2047 के संकल्प को जमीनी मजबूती प्रदान करने वाला है। बजट में व्यापार, उद्योग, अधोसंरचना, युवा एवं कौशल विकास पर दिया गया है। इसमें विशेष फोकस प्रदेश की आर्थिक प्रगति को नई गति देगा तथा व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि घोषित प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में निवेश का वातावरण मजबूत होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

**// आम सूचना //**

"आवासीय संपत्ति जिसका परिवर्तित भूखंड क्र.-33 (पुराना भूखंड क्र.-4 का भाग), रकबा-1566 वर्ग फुट एवं परिवर्तित भूखंड क्र.- 32/2 (पुराना भूखंड क्र. -4 का भाग), रकबा 696 वर्ग फुट, शीट क्र.-31, नगर निगम UID RPR223B00026, जो कि, खसरा क्र. 285/1-2-3-4-5-6 का भाग, ग्राम-फाफाडीह, प.ह.न.-108, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है" के सम्बंध में आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति वर्तमान में मेरे पक्षकार प्रफुल जेठी, गिरीश दोनों पिता स्व. लक्ष्मीकान्त जेठी, हेना जेठी पति विष्णु जेठी व करण जेठी पिता विष्णु जेठी के संयुक्त स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य की संपत्ति है। उक्त संपत्ति से संबन्धित विक्रय विलेखों जिनका निष्पादन लक्ष्मी बेन के नाम पर किया गया था जो निम्नानुसार है-

1)विक्रय विलेख जिसका निष्पादन इतवारी पिता अडकु साहू के द्वारा श्रीमति लक्ष्मी बेन के पक्ष में भूखंड क्र.-4 का भाग, रकबा 1566 वर्ग फुट के विक्रय हेतु किया गया था जिसका पंजीयन दिनांक 28.06.1980 को पुस्तक क्र.-1, ग्रंथ क्र.-6828 में दस्तावेज क्रमांक-7373 देकर उप पंजीयक कार्यालय, रायपुर में किया गया था।

2) विक्रय विलेख जिसका निष्पादन जयंती लाल ठाकर पिता देव जी भाई ठाकर के द्वारा श्रीमति लक्ष्मी बेन के पक्ष में भूखंड क्र.-4 का भाग, रकबा 696 वर्ग फुट के विक्रय हेतु किया गया था जिसका पंजीयन दिनांक 04.12.1980 को पुस्तक क्र.-1, ग्रंथ क्र.-6964 में दस्तावेज क्रमांक-10579 देकर उप पंजीयक कार्यालय, रायपुर में किया गया था।

उक्त दोनों मूल विक्रय विलेख आज दिनांक को उनके घर में रखे गए रिकॉर्ड में अत्यधिक प्रयास के बाद भी नहीं मिल रही है एवं उसके गुम हो जाने की पूर्ण संभावना है और इसके संबंध में पुलिस थाना, गंज, रायपुर के समक्ष दिनांक 23.02.2026 को सूचना दी गई है। उक्त संपत्ति को विक्रय किया जाना है।

अतः यदि उपरोक्त गुम मूल विक्रय विलेख के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भी संव्यवहार अवैधानिक तरीके से कूट रचना कर अनुचित लाभ प्राप्त करने हेतु किसी भी व्यक्ति, व्यक्ति समूह, संस्था, समिति अथवा किसी संवैधानिक व्यक्ति इत्यादि द्वारा किया जाता है, अथवा किया गया है तो वह आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आवेगा। यदि ऐसे किसी संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, व्यक्ति समूह, संस्था, समिति अथवा किसी संवैधानिक व्यक्ति इत्यादि को हानि पहुंची हो अथवा कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध तथा शुन्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी व वह जैसा चाहे उस रूप में अन्यथा अंतरण करने हेतु स्वतंत्र होवेगा सो सूचना जाने।

स्थान- रायपुर दिनांक-24.02.2026

**मनीष मल्होत्रा, अधिवक्ता**
**जी-7, सैक्टर-1, अवन्ती विहार, रायपुर छ.ग., मो.नं.- 9826628916**

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, रायपुर छ.ग.

**// शपथ-पत्र //**

मैं, श्रीमती कल्पना ठाकुर उम्र 44 वर्ष पति श्री प्रकाश सिंह ठाकुर निवासी- वार्ड नं. 67, कर्मा चौक, अयोध्याय नगर, चंगोराभाठा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूं :-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सहीं है।
2. यह कि, मेरा विवाह श्री प्रकाश सिंह ठाकुर के साथ सम्पन्न हुआ है तथा विवाह पूर्व मेरा नाम कल्पना साहू पिता श्री हरख राम साहू के नाम से जानी व पहचानी जाती थी।
3. यह कि, विवाह के पश्चात मेरे द्वारा अपना सरनेम साहू का परिवर्तन नहीं की थी तथा सभी दस्तावेज में मेरा नाम श्रीमती कल्पना साहू पति श्री प्रकाश सिंह ठाकुर दर्ज चला आ रहा था। तथा वर्तमान में अपना सरनेम साहू से ठाकुर परिवर्तन कर दस्तावेज में दर्ज किया गया है।
4. यह कि, मेरे द्वारा पूर्व में एक संपत्ति क्रय किया गया था जिसमें मेरा नाम श्रीमती कल्पना साहू पति श्री प्रकाश सिंह ठाकुर दर्ज है।
5. यह कि, श्रीमती कल्पना साहू एवं श्रीमती कल्पना ठाकुर एक ही महिला अर्थात मेरे स्वयं का नाम है तथा नाम के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति के लिए मै स्वयं जवाबदार रहूंगी।
6. यह कि, मेरे पेन कार्ड में जो हस्ताक्षर किया गया है वहीं हस्ताक्षर आज भी मेरे द्वारा अन्य दस्तावेजों में किया जाता है।

शपथकर्ता

**-: सत्यापन :-**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथपत्र की कंडिका 01 से 06 तक में वर्णित समस्त कथन मेरे निजी ज्ञान से सत्य व सहीं है।

दिनांक :- 23.01.2026 कल्पना शपथकर्ता

**आम सूचना**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर**
**जारी दिनांक 18/02/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अफजल अहमद पिता/पति वकील अहमद निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम रींवा पटवारी हल्का नंबर 18 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 693/25 रकबा 1.013 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 20/11/2025 के परिपालन में दिनांक 09/03/2026 को समय 02 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 18 के रींवा स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही है।

मुहर (राजस्व निरीक्षक) मंदिर हसौद



खबर संक्षेप

## कूंरा में शिव पुराण कथा का शुभारंभ

**कूंरा।** आदि देव भोलेनाथ की कृपा से धर्म नगरी नगर पंचायत कूंरा में जय हिन्द गणेश दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में प्रथम बार शिव पुराण कथा का भव्य आयोजन 24 फरवरी से दो मार्च तक किया जा रहा है कथा के प्रथम दिवस पर नगर के माता बहनों द्वारा कलशयात्रा निकाली गई। जिसमें नगर के युवा वर्ग भी बड़े उत्साह से भाग लिए। सात दिन तक चलने वाले इस आयोजन में अंचल के सुप्रसिद्ध कथा वाचक पं अशोक कृष्ण शर्मा सगुनी वाले महराज द्वारा दोपहर तीन बजे से कथा का संगीत मय वाचन करेंगे। इस कार्यक्रम के संबंध में पार्षद प्रतिनिधि श्री योगेश कुमार साहू श्री प्रहलाद जी अग्रवाल एवं वरिष्ठ जनों ने बताया कि इस आयोजन में समस्त शिव भक्तों ने अपना सहयोग प्रदान किया है। नगर पंचायत के लोगों में इस आयोजन को लेकर बहुत उत्साह है। आसपास के गांव से शिव भगतों की आने की संभावना है। कलशयात्रा के बाद आज शिव माहात्म्य के साथ भव्य आरती संपन्न हुआ।

## खैरखूंट में मानसगान 27 फरवरी से

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम खैरखूंट में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 27 फरवरी से 1 मार्च तक तीन दिवसीय वार्षिक रामायण मानस गान समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम 27 फरवरी को शाम 4 बजे दीप प्रज्वलित के साथ शुभारम्भ होगा। समापन 1 मार्च को शाम 4 बजे होगा। सभी मानस मण्डली को सदाबहार दानदाताओ के सहयोग से 801 रुपये की सहयोग राशि दी जाएगी। यह मानस गान समारोह का 21 वां वर्ष है। शुभारंभ कार्यक्रम के अतिथि खेल एवं राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, सरपंच यशोदा साहू, उप सरपंच कमलेश साहू, पूर्व सरपंच शिवकुमार हनुमंता, दाऊ गुणवंत पाल हनुमंता, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष पंकज हनुमंता आदि होंगे।

## 12 हितग्राहियों को 28 दिवसीय चूजों का वितरण



**आरंग।** संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं के निर्देशन में उपकेंद्र रीवा प्रभारी द्वारा ग्राम जरौद (उमरिया) एवं रीवा में 28 दिवसीय चूजों का वितरण किया गया। इस दौरान कुल 12 व्यक्तिमूलक बैकयार्ड हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया, जिसमें ग्राम जरौद (उमरिया) से 1 तथा रीवा से 11 हितग्राही शामिल रहे। कार्यक्रम में सरपंच घसियाराम साहू, उपसरपंच सूरज कुमार साहू, पंच अश्वनी कुमार चन्द्राकर, रमेश कुमार चन्द्राकर, वेदप्रकाश साहू, मनबोध साहू तथा पशु सखी भुनेश्वरी साहू की उपस्थिति रही। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देना एवं पशुपालन के माध्यम से आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है। वहीं जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को योजना का समुचित लाभ उठाने एवं मुर्गीपालन को आजीविका के सशक्त साधन के रूप में विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

## रामकुमार बने मंदिर हसौद भाजयुमो मंडल अध्यक्ष

आरंग। भारतीय जनता युवा मोर्चा मंदिर हसौद के मंडल अध्यक्ष पद पर रामकुमार बैस की नियुक्ति की गई है। नियुक्ति के बाद उन्होंने भाजपा संगठन एवं शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।रामकुमार बैस ने कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, भाजपा रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, भाजयुमो जिलाध्यक्ष पिन्टू साहू तथा मंडल अध्यक्ष गोपाल वर्मा का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ सेवा और समर्पण का अवसर है। वे युवा शक्ति को राष्ट्रनिर्माण से जोड़ते हुए संगठन की नीतियों और विचारों को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति से मंदिर हसौद क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

# सिलतरा में काली डस्ट का कहर, लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

### अस्पतालों में रहती है त्वचा और एलर्जी के मरीजों की लंबी कतारें





राजधानी रायपुर के सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्रों में शुमार सिलतरा और इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों विकास की कीमत आम जनता अपने फेफड़ों से चुका रही है। उद्योगों से निकलने वाली काली डस्ट और जहरीले धुएं ने क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक गांवों का दम घोंट दिया है। स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि जिस समय सूरज की रोशनी पूरी प्रखरता पर होनी चाहिए, उस वक्त अंचल की सड़कों पर प्रदूषण के कारण गहरा काला कोहरा छाया रहता है। उद्योगपतियों की बेलगाम मनमानी और शासन-प्रशासन की चुप्पी ने यहाँ की जनता को नारकीय जीवन जीने पर मजबूर कर दिया है, जहाँ हर सांस के साथ जहर शरीर के भीतर जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों की पीड़ा अब आक्रोश में बदल रही है। सिलतरा, टाढा, परसतराई, सांकरा, मांढर, धनेली और चरौदा जैसे गांवों के घरों के भीतर अब इंसानों से ज्यादा काली डस्ट का कब्जा नजर आता है। सुबह उठते ही घरों के आंगन, छतों और यहां तक कि रसोई के बर्तनों पर भी राख की मोटी परत जमी मिलती है। आलम यह है कि सफेद कपड़े पहनकर घर से बाहर निकलना नामुमकिन हो गया है, क्योंकि चंद मिनटों में ही उन पर कालिख की चादर बिछ जाती है। बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर इसका सबसे घातक असर पड़ रहा है, जहाँ अस्पतालों में सांस फूलने, आंखों में जलन और त्वचा संबंधी एलर्जी के मरीजों की कतारें लंबी होती जा रही हैं।

### सड़क पर काली डस्ट व धुंए

सड़कों का नजारा तो और भी डरावना है। औद्योगिक नगर की मुख्य सड़कों और आसपास के संपर्क मार्गों पर उड़ती डस्ट और सघन धुएं के कारण विजिबिलिटी इतनी कम हो गई है कि दोपहर के समय भी वाहन चालकों को हेडलाइट और इंडिकेटर जलाकर चलना पड़ रहा है। यह धुंध प्राकृतिक नहीं, बल्कि उद्योगों द्वारा उकेरी गई मौत की इबारत है, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि उद्योगपतियों को न तो कानून का भय है और न ही सरकार का कोई डर। पर्यावरण संरक्षण मंडल की भूमिका भी महज कागजी कार्रवाई तक सिमट कर रह गई है, जिससे उद्योगों को मनमानी करने की खुली छूट मिल गई है।

**हादसा :** घटना के बाद वाहन छोड़कर चालक हो गया फरार

# ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर मौत, हादसे के बाद लगा लंबा जाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

छत्तीसगढ़ के तिल्दा खरोरा मार्ग पर मंगलवार दोपहर को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सिंचाई कालोनी के सामने तेज गति से जा रहे एक ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा इतना भयावह था कि मृतक का पूरा शरीर बुरी तरह से कुचला गया और उसकी अतडिया तक बाहर आ गई। हादसे के बाद चालक ट्रेलर छोड़ फरार हो गया, पलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, बाइक सवार नेवरा तुलसी की तरफ से तिल्दा की तरफ आ रहा था। तभी उसकी बाइक सामने आर ही एक हाईवा से टकराते हुए बाइक से छिटककर गिर गया और बाइक के साथ तिल्दा की ओर से सयंत्र का सामान भरकर आ रहे ट्रेलर के नीचे चला गया। चालक ब्रेक लगता इसके पहले ट्रेलर का पीछे वाला चक्का उसे कुचलता हुआ आगे निकल गया। जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई।

### सड़क पर लगा लंबा जाम पुलिस ने संभाला मोर्चा

हादसे के बाद चालक ट्रेनर छोड़कर फरार हो गया। जिसके कारण सड़क पर जाम लगा गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को उठाया और पुलिस वाहन से पोस्ट मार्टम के लिए भिजवा दिया लगभग आधे घंटे के बाद सुचारू रूप से आवागमन शुरू हुआ। बता दे की तिल्दा खरोरा मार्ग पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं। जिसके कारण हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। यातायात पुलिस के नहीं रहने के कारण वाहन चालक तेज गति से अपने वाहन चलाते हैं। जिसके चलते आए दिन इस तरह की घटनाएं होते रहती है। ऐसे भी उद्योग लगने के बाद से शहर का आवागमन अस्त व्यस्त हो गया है। लोग बायपास रोड की मांग करते आ रहे हैं लेकिन इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## बजट दिशाहीन व आंकड़ों की बाजीगरी : यशवंत साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस के युवा नेता यशवंत धनेन्द्र साहू ने वित्त मंत्री ओमप्रकाश चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट को पूरी तरह निरस और दिशाहीन बताते हुए इसे केवल आंकड़ों की बाजीगरी करार दिया। श्री साहू ने कहा कि यह बजट युवा वर्ग, किसान, आम जनता, कर्मचारी, महिला वर्ग एवं मध्यमवर्गीय लोगों की वास्तविक अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। बजट में बड़े-बड़े दावे जरूर किए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर राहत देने वाली कोई ठोस और स्पष्ट योजना दिखाई नहीं पड़ती। किसानों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि धान खरीदी के समर्थन मूल्य, बोनस एवं सिंचाई विस्तार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार द्वारा कोई स्पष्ट और ठोस प्रावधान नहीं किया गया है। खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन किसानों की आय बढ़ाने के लिए बजट में किसी प्रभावी रोडमैप का अभाव है, जो अन्नदाता किसान भाइयों के साथ वादाखिलाफी है। प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवक-युवतियों को भी इस बजट से भारी निराशा हाथ लगी है। रिक्त सरकारी पदों को भरने के लिए कोई बड़ी भर्ती परीक्षा घोषित नहीं की गई है। कौशल विकास एवं रोजगार सृजन के नाम पर केवल औपचारिक घोषणाएं की गई हैं, जिनका धरातल पर असर संदिग्ध है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों में भी अपेक्षित बढ़ोतरी दिखाई नहीं देती। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की भारी कमी तथा पूरे छत्तीसगढ़ के अस्पतालों में डॉक्टरों के रिक्त पदों की समस्या गंभीर बनी हुई है, लेकिन बजट में इन समस्याओं के स्थायी समाधान की कोई स्पष्ट योजना नहीं है। वहीं पिछले लंबे समय से हड़ताल पर बैठे बीएड अभ्यर्थियों एवं रसोईया संघ के लिए भी इस बजट में कोई राहत नहीं दी गई।


बिजनेस न्यूज



## पटेल होंडा के 14 वर्ष पूर्ण, लगा स्वास्थ्य शिविर, ग्राहकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नगर के प्रतिष्ठित संस्थान पटेल होंडा शोरूम के 14 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर एवं ग्राहक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर के सुप्रसिद्ध जादूगर सम्राट अशोक ने अपने जादुई प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। उनका कार्यक्रम पूरे आयोजन का आकर्षण केंद्र रहा। उपस्थित लोगों ने स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई तथा विशेषज्ञों डॉक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किया। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष शुक्ला ने पटेल होंडा के संचालक ईश्वर पटेल को केक काटकर बधाई दी। अतिथियों ने कहा कि ईश्वर पटेल द्वारा समय-समय पर नगर में किए जा रहे रचनात्मक एवं सामाजिक कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत एवं रोल मॉडल बताया। इस अवसर पर समाजसेवी राधाकृष्ण टंडन, नारायण सोनी, धर्मेंद्र पटेल, महेंद्र पटेल, मधुसूदन पटेल, संतराम साहू, कुलदीप अग्रवाल, सीता साहू, रानु शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्राहक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।


## ज्ञान की शक्ति से गढ़ा जाएगा नवा छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंगलवार का दिन प्रदेश के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया, जब वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026 के वार्षिक बजट को भारी बहुमत और चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। इस बजट को राज्य के नवनिर्माण का सबसे मजबूत आधार स्तंभ बताते हुए धरसींवा विधायक और प्रख्यात कलाकार श्री अनुज शर्मा ने इसकी जमकर सराहना की है। स्थानीय विश्राम गृह धरसींवा में मीडिया के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि यह बजट केवल सरकारी आंकड़ों या गणनाओं का खेल नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को धरातल पर उतारने की दिशा में छत्तीसगढ़ का अब तक का सबसे ठोस और दूरगामी कदम है। विधायक अनुज शर्मा ने बजट में बस्तर और सरगुजा जैसे दुर्गम क्षेत्रों के लिए किए गए विशेष प्रावधानों को राज्य की सबसे बड़ी जीत और सामाजिक न्याय का प्रतीक बताया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहे अबूझमाड़ और जगरगुंडा जैसे क्षेत्रों में अब गोलियों की गूंज शांत होगी और वहां किताबों के पन्ने पलटते बच्चों की आवाज़ें एक नए भविष्य की इबारत लिखेंगी।

### ओलंपिक पदक विजेताओं के लिए प्रदेश सरकार की करोड़ों की सौगात

प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए इस बजट को 'स्वर्ण युग' की शुरुआत बताते हुए श्री अनुज शर्मा ने सरकार के ऐतिहासिक फैसलों की विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार ने खिलाड़ियों का मान-सम्मान बढ़ाते हुए यह क्रांतिकारी निर्णय लिया है कि ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले राज्य के प्रत्येक खिलाड़ी को 21 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके अलावा, पदक जीतने पर मिलने वाली राशि में ऐतिहासिक वृद्धि करते हुए स्वर्ण पदक विजेता को 3 करोड़, रजत पदक विजेता को 2 करोड़ और कांस्य पदक विजेता को 1 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। श्री शर्मा का मानना है कि इस निर्णय से प्रदेश के खेल कौशल को न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिलेगी और गांव-गली की प्रतिभाएं वैश्विक मंच पर तिरंगा फहराने का साहस जुटा सकेंगी।

## अधिवक्ता नीरज चंद्राकर बने भाजयुमो आरंग मंडल अध्यक्ष

**आरंग।** भारतीय जनता पार्टी जिला रायपुर ग्रामीण द्वारा घोषित नई कार्यकारिणी में अधिवक्ता नीरज चंद्राकर को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) आरंग मंडल अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह घोषणा जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम नारंग एवं भाजयुमो जिला अध्यक्ष पिंटू साहू द्वारा की गई। नीरज चंद्राकर का राजनीतिक सफ़र छात्र जीवन से ही सक्रिय और संघर्षशील रहा है। वे अपने विद्यालय में शालानायक रहे तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आरंग के नगर मंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने भाजयुमो में मंडल मीडिया प्रभारी, मंडल महामंत्री, जिला कार्यसमिति सदस्य, तिल्दा ग्रामीण के सह-प्रभारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी तथा प्रदेश भाजयुमो सोशल मीडिया सदस्य सहित कई दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। संगठन में विस्तारक के रूप में भी उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई है। वर्तमान में वे फरफौद सहकारी समिति के अध्यक्ष हैं तथा निवास ग्राम फरफौद में सर्वोदय विद्यालय बालक शिक्षण समिति के अध्यक्ष पद का दायित्व भी संभाल रहे हैं। संगठन के प्रति निष्ठा, निरंतर सक्रियता, परिश्रम और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

## गुप्ता समाज की आमसभा में अरविंद फिर अध्यक्ष मनोनीत

**आरंग।** नवयुवक कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज आरंग का वार्षिक आमसभा सभापति अनिल गुप्ता तथा संरक्षक प्रदीप गुप्ता, विनोद गुप्ता, राकेश गुप्ता तथा मदन गुप्ता की उपस्थिति में श्री चंडी मंदिर आरंग में सम्पन्न हुआ। सभा में कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आय व्यय का ब्यौरा पेश किया गया। समाज द्वारा संचालित श्री चंडी मंदिर तथा श्री हनुमान मंदिर के पदाधिकारियो द्वारा भी आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर नए पदाधिकारियो का चुनाव भी सम्पन्न हुआ। सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियो का चयन किया गया। जिसमे प्रदीप गुप्ता, अनिल गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, विनोद गुप्ता, मदन गुप्ता तथा राकेश गुप्ता को गुप्ता समाज का संरक्षक बनाया गया है। अरविन्द गुप्ता पुनः सर्वसाम्मिति से अध्यक्ष चुने गए।उपाध्यक्ष-मनीष गुप्ता, सचिव सचिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष-सुदीप गुप्ता तथा सह सचिव-गौरव गुप्ता चुने गए।समाज द्वारा संचालित श्रीहनुमान मंदिर समिति आरंग से संचालन हेतु अध्यक्ष दीपक गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रकाश गुप्ता सचिव दुर्गेश गुप्ता, सह सचिव शरद गुप्ता तथा इसी प्रकार श्री चंडी मंदिर समिति के संचालन हेतु अध्यक्ष संतोष गुप्ता, सचिव विनय गुप्ता, सह सचिव धीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष राधे गुप्ता चुने गए। इस बार संयुक्त कार्यकारिणी टीम का भी गठन किया गया है जिसमे युवाओ को अवसर दिया गया है जो इस प्रकार है नंदकुमार गुप्ता, आर्यन गुप्ता, जय प्रकाश गुप्ता, शिव गुप्ता, सौरभ गुप्ता (शिबु), सौरभ गुप्ता, प्रहलाद गुप्ता (लल्ला), यस गुप्ता, अभिषेक गुप्ता (कान्हा), शशांक गुप्ता, रिषभ गुप्ता, अन्शु गुप्ता, सुजल गुप्ता, सुरज गुप्ता, केशव गुप्ता, महावीर गुप्ता, रणवीर गुप्ता, रिषभ गुप्ता, आदित्य गुप्ता तथा छोटू साहेब प्रमुख है। नये दायित्व के लिए सभी पदाधिकारियो को बधाई एवं शुभकामनाये देते हुए समाज के रचनात्मक विकास में अपना महत्वप्यर्ण योगदान देने प्रेरित किया गया।

एक ही चिता पर पंचतत्व में विलीन हुआ शर्मा दंपति

# तिल्दा नेवरा में पति-पत्नी की अर्थी एक साथ उठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

■ सर्जरी के बाद घर लौट रहे थे, रास्ते में काल ने घेरा

साथ जीने और साथ मरने की कसमें अक्सर कहानियों और फिल्मों में सुनी जाती हैं, लेकिन तिल्दा नेवरा के शर्मा दंपति ने इसे हकीकत में बदल दिया। नियति का क्रूर प्रहार कहें या सात जन्मों का अटूट बंधन, जिस पति-पत्नी ने अग्नि के फेरे लेकर उम्र भर साथ निभाने का वादा किया था, उन्होंने अंतिम सांस भी साथ ली और उनकी विदाई भी एक ही चिता से हुई। इस दृश्य को देख श्मशान घाट पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। यह मार्मिक कहानी नेवरा निवासी राजकुमार शर्मा और उनकी पत्नी पद्मादेवी शर्मा की है। राजकुमार शर्मा को हृदय संबंधी समस्या के कारण रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां 10 फरवरी को उनकी सफल बायपास सर्जरी हुई। अस्पताल में उनकी पत्नी पद्मादेवी, पुणे में कार्यरत बड़ा बेटा और बहू उनकी सेवा में जुटे थे। डॉक्टरों ने सोमवार को डिस्चार्ज करने की बात कही थी, लेकिन राजकुमार जी ने रविवार को ही घर जाने की जिद की। शायद उन्हें आभास था कि घर पहुँचने की जल्दी उन्हें हमेशा के लिए विश्राम की ओर ले जा रही है।



### बेटे की वो आखिरी विदाई और नियति का खेल

रविवार शाम को जब किराए की कार से दंपति को रवाना किया गया, तब बेटे ने पिता के पैर छूकर कहा था पापा, दवा समय पर लेना, मैं जल्द मिलने आऊंगा। माँ से कहा पापा का ख्याल रखना। किसी को नहीं पता था कि यह उनकी आखिरी मुलाकात है। कार जैसे ही रायपुर की पुरानी विधानसभा पार कर नहरदा डीपीएस के पास पहुंची, एक धान से लदी ट्रक अनियंत्रित होकर उनकी कार पर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे ने पति-पत्नी को एक साथ हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दिया। हादसे की खबर मिलते ही तिल्दा नेवरा में मातम छा गया। सोमवार को जब दोनों के शव एक साथ उनके निज निवास पहुंचे, तो कोहराम मच गया। अंतिम नेग और रस्मों के बाद दोनों की अर्थी एक साथ उठी।

पेज 9 के शेष...

## शहर में गरजे ...

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक इस तरह का मौसम दो दिनों तक रहने की संभावना बनी हुई है। एक कम दबाव का क्षेत्र दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवर्ती परिसंचरण कमजोर होने लगा है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे उत्तर तटीय उड़ीसा के ऊपर मौजूद है। इसके साथ ही वायुमंडल के निम्न स्तर पर प्रदेश के उत्तर से पूर्वी हवा और दक्षिण से दक्षिणी हवा के प्रभाव से एक वायु संगमन क्षेत्र बना हुआ है। मौसमी तंत्र के प्रभाव से काफी मात्रा में नमी आ रही है, जिसके कारण प्रदेश में अगले दो दिनों तक एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इसके अलावा सरगुजा संभाग और उससे लगे बिलासपुर संभाग के जिलों में एक दो स्थानों पर ओला वृष्टि की स्थिति भी बन सकती है। प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

## कोल घोटाले में ...

कोर्ट ने भी उसके विरुद्ध गैर जमानती वारंट पूर्व में जारी किया है। इसके बाद भी नारायण ईओडब्ल्यू की गिरफ्त से बाहर था, लेकिन अब जाकर वह ईओडब्ल्यू के हाथ आया है। बताया जा रहा है कि जांच में पाया गया है कि नारायण कोल घोटाले के मास्टर माइंड सूर्यकांत तिवारी का बहुत करीबी सहयोगी रहा है तथा इस घोटाला में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विवेचना में यह भी तथ्य सामने आ चुके हैं कि सूर्यकांत के कहने पर नारायण कोल लेवी की राशि का कलेक्शन करने के साथ उसे सौम्या चौरसिया तक पहुंचाने का कार्य भी करता था। इसके अतिरिक्त विवेचना में यह भी पाया गया है कि सूर्यकांत ने नारायण के नाम पर विभिन्न संपत्तियां क्रय कर रखी हैं।

## खबर संक्षेप



### संकटमोचन हनुमान मंदिर में भंडारा

**रायपुर।** बूढ़ापारा स्थित प्राचीन संकट मोचन वीर हनुमान मंदिर में मंगलवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस धार्मिक कार्यक्रम में महाआरती, भजन-कीर्तन और भोज का आयोजन किया गया, जिसके बाद प्रसाद के रूप में विशाल भंडारा वितरित किया गया। यह कार्यक्रम वाल्मीकि पांडे परिवार द्वारा रुद्र नारायण के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी शामिल हुए।

### मराठी भाषा दिवस पर 27 को संगोष्ठी

**रायपुर।** मराठी अभिजात भाषा दिवस के अवसर पर महराष्ट्र मंडल द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में 27 फरवरी को संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।



कार्यक्रम शाम 6.30 बजे प्रारंभ होगा। पुणे से आए महानाट्य जाणता राजा के प्रबंधक डॉ. अजीत आप्टे ने कहा कि मंडल की ओर से पद्मजा लाड प्रतिदिन मराठी सिखाने के लिए ऑनलाइन क्लास लेती हैं। साहित्य समिति प्रभारी कुमुद लाड के साथ मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने अधिकाधिक श्रोताओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। इस बीच लाड ने पांच अक्टूबर 2025 को बृहन्महाराष्ट्र मंडल की ओर से महाराष्ट्र मंडल रायपुर में आयोजित मराठी निबंध स्पर्धा के परिणाम और रैंकिंग जारी किए। उन्होंने बताया कि बृहन्महाराष्ट्र मंडल नई दिल्ली के इंदौर कार्यालय की ओर से जारी परीक्षा परिणाम में प्राप्तांक के मुताबिक मुकुंद शिलेदार प्रथम रहे। दूसरे स्थान पर विलास साखरे और तीसरे पर स्मिता चांदे रहीं।

## निधन

### सुरेश कुमार मंधानी



**रायपुर।** आशियाना कॉलोनी फेस 1, अवंती विहार निवासी सुरेश कुमार मंधानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 फरवरी को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे हितेश मंधानी के पिता और विनोद कुमार, विजय कुमार मंधानी के भाई थे।

### गीता दुबे



**रायपुर।** भागीरथी दुबे मंदिर नयापारा निवासी गीता दुबे (74) का 24 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे अश्वनी दुबे, आरती तिवारी की माता और अधिवक्ता अरुण कुमार दुबे, विवेक दुबे एवं कृष्णमोहन दुबे की चाची थीं।

# जिला अस्पताल में गंदगी और टूटी खिड़की देख भड़के कलेक्टर, एक की वेतन वृद्धि रोकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

■ सभी आंकड़े रजिस्टर के साथ-साथ कंप्यूटर में भी रिकॉर्ड और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए

औचक निरीक्षण के लिए जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर गौरव सिंह गंदगी और वीडियो कांफ्रेसिंग रूम की टूटी खिड़की देखकर भड़क गए। दवाओं के रखरखाव में भी कोताही बरतने के मामले में उन्होंने एक कर्मचारी की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए और सिविल सर्जन को नोटिस थमा दिया। आने वाली गर्मी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने हीट-वे की तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए।

डा. गौरव सिंह अन्य अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण पर जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के निरीक्षण के साथ वहां भर्ती मरीजों से बातचीत कर मिलने वाले उपचार से संतुष्टि के बारे में जानने का प्रयास किया। कलेक्टर ने अस्पताल में दवाइयों के स्टॉक रजिस्टर और स्टोर में मौजूद दवाइयों का मिलान किया। उन्होंने कालातीत दवाइयों का सही तरीके से निष्पादन करने के साथ ही सभी आंकड़े रजिस्टर के साथ-साथ कंप्यूटर में भी रिकॉर्ड और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

## सिविल सर्जन को थमाया नोटिस, दवाओं का रिकार्ड व्यवस्थित रखने के निर्देश



### सफाई न होने पर जताई नाराजगी

निरीक्षण के दौरान उनकी नजर ई-कोर्ट वीडियो कांफ्रेंस कक्ष का निरीक्षण किया और खिड़की टूटी होने और सफाई न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल प्रभाव से डॉक्टरों के कोर्ट अपीयरेंस को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टोर रूम जाकर वहां की व्यवस्था को सुधारने कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गर्मी के दिनों में मरीजों के इलाज के लिए बनाए गए वार्ड का निरीक्षण किया और आने वाले दिनों के हिसाब से उसे व्यवस्थित करने की हिदायत दी। जांच के दौरान उन्होंने काम में लापरवाही बरतने के लिए जीवनदीप समिति के कर्मचारी सूरज सोनी का वृद्धि रोकने के निर्देश दिए, साथ ही डॉ सिंह ने सिविल सर्जन को लापरवाही बरतने पर नोटिस भी जारी किया।

## 2 साल तक मेंटनेंस और संचालन के लिए किया अनुबंध

# आईटीएमएस के 50 में 17 जंक्शन के कैमरे दो साल से बंद, रीस्टोर करने एलएंडटी को जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

■ रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का प्रोजेक्ट, 200 करोड़ खर्च कर 7 साल पहले किया तैयार

राजधानी की यातायात व्यवस्था को हाईटेक बनाने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने वर्ष 2019 में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया, जिसमें 50 जंक्शन में शहर के चप्पे-चप्पे पर नजर रखने हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। इनमें 17 जंक्शन में लगाए गए कैमरे 2 साल से बंद पड़े हैं। इन कैमरों को दोबारा चालू करने टेंडर जारी कर एलएंडटी कंपनी को 2 वर्ष के लिए मेंटनेंस और संचालन का जिम्मा दिया गया है। इस पर 21.81 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

शहर में स्थापित आईटीएम के कैमरों की मरम्मत और रखरखाव के लिए नगरनिगम ने एलएंडटी कंपनी से दो साल का अनुबंध किया है। इस अवधि में अनुबंधित एजेंसी शहर के अलग-अलग 17 जंक्शन में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे में तकनीकि सुधार, सुचारू संचालन के साथ ही इसकी नियमित मानिटरिंग करेगी। प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों का कहना है कि शहर के 50 प्रमुख चौक पर 650 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। लेकिन सड़कों के चौड़ीकरण, निर्माण, केबल लाइन कटने और तकनीकि रखरखाव के अभाव में कई कैमरों की कनेक्टिविटी बाधित हो गई। सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में स्थिति यह है कि 50 में से केवल 33 जंक्शन के कैमरे प्रभावी रूप से काम कर रहे हैं, जबकि 17 जंक्शन के कैमरे पिछले दो साल से बंद हैं। इन कैमरों को दोबारा चालू करने के लिए टेंडर जारी कर 2 वर्ष के मेंटनेंस और संचालन कर अनुबंधित एजेंसी को जिम्मा दिया गया है।





### अनुबंध किया है

शहर में स्थापित आईटीएम के कैमरों की मरम्मत और रखरखाव के लिए निजी कंपनी से दो साल के लिए अनुबंध किया गया है। इस अवधि में कैमरों की नियमित मानिटरिंग, तकनीकी सुधार और इसके सुचारू संचालन जैसे कार्य अनुबंधित कंपनी करेगी।
*- विश्वदीप, आयुक्त, नगर निगम रायपुर*

### अपराध और यातायात नियंत्रण में अहम भूमिका

राजधानी के हृदयस्थल जयस्तंभ चौक के पुराने बस स्टेंड में नगर निगम द्वारा निर्मित मल्टीलेवल पार्किंग के टॉप फ्लोर पर एकीकृत प्रणाली दक्ष का संचालन किया जा रहा है। इसके माध्यम से रेड लाइट जंप, ओवर स्पीडिंग, गलत पार्किंग और लेन उल्लंघन जैसी गतिविधियों पर नजर रखन में यह सिस्टम अहम भूमिका निभा रहा है। कैमरों की सक्रियता से यातायात पुलिस शहर के चप्पे-चप्पे पर नजर रखती है। इसके अलावा संदिग्ध वाहनों की पहचान, चोरी और गाड़ियों की ट्रैकिंग तथा आपराधिक घटनाओं की जांच में यह प्रणाली सहायक है। पुलिस को घटना स्थल की फुटेज तुरंत उपलब्ध होने से जांच प्रक्रिया में आसानी होती है। यही नहीं इससे अपराधियों तक पहुंचने में तकनीकि मदद मिलती है। आईटीएमएस के माध्यम से पुलिस विभाग को ई चालान प्रणाली से एकमुश्त राजस्व भी मिलता है।

# सड़क पर खड़ी कार में अचानक लगी आग से मचा हड़कंप, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



राजधानी रायपुर के कोर्ट परिसर से लगी दीवार के पास मुख्य सड़क पर खड़ी एक कार के इंजन में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि इससे कार का इंजन और ड्राइविंग सीट केबिन का पूरा हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस घटना के समय कार में कोई भी सवार नहीं था, वहीं आग लगने के बाद कार में ब्लास्ट नहीं हुआ, जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

शास्त्री चौक के पास कृष्णा काम्पलेक्स के सामने जिला कोर्ट परिसर की बाउंड्रीवॉल के सामने मुख्य सड़क के किनारे लाल रंग की मेगनाइट ईजेड शिफ्ट कार दोपहर करीब 3.30 बजे यहां आकर रुकी। इसमें सवार लोग उतरकर अपने काम से चले गए। उनके जाते ही करीब 15-20 मिनट के बाद कार के इंजन में अचानक आग लग गई। आग लगते ही इतनी तेजी से फैली कि आग की चपेट में ड्राइविंग केबिन भी आ गया। इधर आग लगने की घटना के दौरान कई लोग इसका विडियो भी बनाने लगे थे, जिससे यहां भीड़ भी इकट्ठी हो गई। हालांकि कोर्ट परिसर में मौजूद ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर न केवल सुरक्षा की दृष्टि से लोगों को कार से दूर हटाया, बल्कि दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। इसके बाद दमकल कर्मियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। हालांकि आगजनी में कार के सामने का आधा हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हो गया।

### ट्रांसफार्मर तक आग की लपटें पहुंचतीं तो हो सकता था बड़ा हादसा

कार जिस जगह पर पार्क थी, ठीक उससे करीब 10 से 15 मीटर दूरी पर विद्युत ट्रांसफार्मर भी है। कार में अगर विस्फोट होता और आग की लपटें ट्रांसफार्मर तक पहुंचतीं, तो हादसा और बड़ा हो सकता था। इस मार्ग से हर एक मिनट में सैकड़ों गाड़ियां गुजरती हैं। ऐसे में कार में ब्लास्ट या आगजनी से ट्रांसफार्मर में आग लगने से विद्युत तार टूटकर सड़क पर गिर सकते थे, जिसकी चपेट में आने से जनहानि भी होने की संभावना थी।

# चौथी बटालियन के जवान ने की खुदकुशी, एक महिला भी फांसी पर लटकी मिली, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर में अलग-अलग क्षेत्रों में मंगलवार को दो लोगों की फांसी के फंदे पर झूलती लाश मिली है। इनमें एक घटना में माना चौथी बटालियन का एक जवान है, जिसने अपने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि मृतक पिछले कई दिनों से पारिवारिक कारणों से मानसिक रूप से परेशान था। इधर दूसरी ओर मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के कर्मा चौक स्थित एक घर में एक महिला की संदिग्ध अवस्था में फांसी पर लटकी लाश मिली। इस मामले में हत्या की आशंका भी जताई जा रही है। बहरहाल पुलिस इन दोनों मामलों में मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर रही है।

### जशपुर का रहने वाला था जवान

माना चौथी बटालियन में तैनात अर्जुन एक्का (38) जशपुर का रहने वाला था। थाना प्रभारी ने बताया कि अर्जुन वर्ष 2013 से चौथी बटालियन में तैनात है और पिछले कुछ दिनों से वह पारिवारिक कारणों से परेशान था। सुबह वह अपने क्वार्टर से बाहर निकलकर सैर करने गया था। लौटने के बाद वह अपने कमरे में चला गया। इसके बाद वह बाहर नहीं निकला। काफी देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला, तो उसके साथी जवान उसे बुलाने के लिए उसके कमरे में पहुंचे। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला, तो साथियों ने खिड़की से आवाज देने के लिए कमरे में झांका। इसके बाद अंदर का नजारा देखकर सभी के होश उड़ गए। अर्जुन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



### महिला की मौत मामले में बेटे पर हत्या का संदेह

इधर एक अन्य घटना में मंदिर हसौद क्षेत्र के कर्मा चौक रावणभाठ में पुनकी पटेल नामक महिला की भी उसके घर में ही फांसी पर संदिग्ध स्थिति में लटकी लाश मिली है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच की है, जिसमें आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या करने के बाद उसे फांसी पर लटकाया गया है। इस आशंका के कारण पुलिस ने मृतका के बेटे से भी कई घंटे तक पूछताछ कर उसका बयान लिया है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में जरूर हत्या की आशंका बनी हुई है, लेकिन जब तक शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक कुछ भी कहा नहीं जा सकता। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल इस मामले में मर्ग कायम किया है।

आरोपियों के कब्जे से 7.397 किलो गांजा, वाईफाई उपकरण सहित इलेक्ट्रानिक सामान जब्त

# नेहरूनगर में चल रहा था गांजा पैकिंग बिक्री का अड्डा, छापा में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नशे का कारोबार करने वाले दो आरोपियों को डीसीपी सेंट्रल जोन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन दोनों को राजधानी रायपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर स्थित नाला के पास से गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 7.397 किलो गांजा समेत पैकिंग में प्रयुक्त भारी मात्रा में प्लास्टिक झिल्ली, इलेक्ट्रॉनिक तौल, मोशन सेंसर, वाई-फाई उपकरण, सीसीटीवी कैमरा, कैंची, स्टेपलर-पिन, मोबाइल सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान भी बरामद किए गए हैं।

डीसीपी सेंट्रल जोन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को गांजा पैकिंग कर फुटकर बिक्री करने वाले गिरोह के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक अब्दुल जाफर 32 वर्ष निवासी नेहरू नगर रायपुर तथा दूसरा सुनील जगत 28 वर्ष सुदामा नगर रायपुर का निवासी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि इन दोनों ने नेहरू नगर स्थित नाला के पास एक गुप्त स्थान बना रखा था, जहां गांजा लाकर उसकी पैकिंग कर चिल्हर में बेचा करते थे। पुलिस ने जब मौके पर छापा मारा, उस समय भी दोनों गांजा की पैकिंग कर रहे थे। उनके कब्जे से गांजा के कई पैकेट बरामद किए गए हैं, जिसमें करीब 7 किलो 397 ग्राम गांजा भरा हुआ था। इसकी कीमत 85 हजार रुपए आंकी गई है।



### गिरोह में अन्य लोगों के शामिल होने की संभावना

इस गिरोह का पर्दाफाश होने के बाद पुलिस को संदेह है कि आरोपियों के अलावा इस गिरोह में अन्य कई लोग शामिल हो सकते हैं। इसे देखते हुए पुलिस इस मामले में आरोपियों से पूछताछ भी कर रही है।

### पुलिस से बचने लगाए थे मोशन सेंसर एवं सीसीटीवी कैमरे

पुलिस अफसरों ने बताया कि जिस गुप्त जगह को गांजा पैकिंग का आरोपियों ने अड्डा बना रखा था, वहां आने-जाने वाले रास्तों पर सीसीटीवी कैमरों के साथ मोशन सेंसर उपकरण भी लगा रखा था, ताकि पुलिस भी उन तक समय रहते पहुंच नहीं पाए और वे फरार हो सकें। हालांकि पुलिस ने जब यहां छापा मारा, तो आरोपियों का मोशन सेंसर एवं सीसीटीवी कैमरे पर ध्यान नहीं रहा, जिससे उन्हें फरार होने का समय भी नहीं मिल पाया। पुलिस ने मौके से गांजा के साथ गांजा पैकिंग में प्रयुक्त भारी मात्रा में प्लास्टिक झिल्ली, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, वाई-फाई उपकरण, कैंची, स्टेपलर-पिन, मोबाइल सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री भी जप्त की है। यह कार्रवाई उप निरीक्षक जानकी शरण मरावी के नेतृत्व में की गई। टीम में प्रधान आरक्षक डोली नेताम, आरक्षक शिवराज बघेल, आरक्षक मुकेश सिंह एवं आरक्षक गिरधर प्रजापति भी शामिल रहे। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 20(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## बिजनेस साइट

### इंडियन ओवरसीज बैंक और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच एमओयू



**रायपुर।** इंडियन ओवरसीज बैंक और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच राज्य के सभी विभागों के कर्मचारियों के वेतन खाते खोलने हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य राज्य शासन के अधीन कार्यरत कर्मचारियों को बेहतर और सुव्यवस्थित बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में बैंक के क्षेत्र प्रमुख गौरीशंकर नायक ने कहा कि यह साझेदारी विकास के नए अवसर प्रदान करेगी और कर्मचारियों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि वेतन खाते के साथ 1 करोड़ रुपए का बीमा कवर, स्वास्थ्य सेवाएं, निशुल्क चेकबुक, एटीएम कार्ड तथा अन्य विशेष सुविधाएं दी जाएंगी। राज्य सरकार की ओर से शीतल शाश्वत वर्मा ने एमओयू को स्वीकृति देते हुए इसे कर्मचारी हित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## आईआरएस अधिकारी देशमुख छत्तीसगढ़ का करेंगे प्रतिनिधित्व




छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि वर्ष 2008 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी शैलेंद्र कुमार देशमुख खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2026 में राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए अल्पाइन स्कीइंग स्पर्धा में भाग लेने जा रहे हैं। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 22 से 26 फरवरी तक गुलमर्ग में आयोजित की जा रही है, जो देश के प्रमुख शीतकालीन खेल स्थलों में से एक है। खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के छठवें संस्करण में देशभर से चयनित खिलाड़ी विभिन्न बर्फीली खेल स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। श्री देशमुख 23 एवं 25 फरवरी को अल्पाइन स्कीइंग प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह लगातार दूसरी बार है, जब वे छत्तीसगढ़ की ओर से इस राष्ट्रीय मंच पर भाग ले रहे हैं। शीतकालीन खेलों में राज्य की निरंतर उपस्थिति स्वयं में एक संस्थागत उपलब्धि है, क्योंकि पारंपरिक रूप से छत्तीसगढ़ को शीतकालीन खेल राज्य के रूप में नहीं जाना जाता रहा है। वर्तमान में श्री देशमुख रायपुर स्थित राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी में निदेशक के रूप में पदस्थ हैं।

## चंड्र जी रात में शामिल होंगे सीएम सिंधी महापंचायत की हुई बैठक



**रायपुर।** चेट्रीचंड्र महोत्सव की तैयारियों को लेकर तेलीबांधा स्थित निजी होटल में मंगलवार को पूज्य छग सिंधी महापंचायत के मुख्य पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस संबंध में दिनेश अठवानी एवं पवन प्रीतवानी ने बताया कि महापंचायत की समाज में सक्रिय भागीदारी के चलते चेट्रीचंड्र महोत्सव के उपलक्ष्य में महिला टीम द्वारा अध्यक्ष भावना कुकरेजा-कार्यकारी अध्यक्ष राशि बलवानी के नेतृत्व में मातृशक्ति द्वारा 600 महिला-पुरुष सदस्यों की उपस्थिति में 8 मार्च को एक दौड़ साईं झूलेलाल के नाम तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव से होगी। साथ ही 15 मार्च को बीटीआई मैदान में चंड्र जी रात के भव्य आयोजन की तैयारियों की भी जानकारी साझा की गई। एक तरफ चेट्रीचंड्र महोत्सव की तैयारियों में जुटी मुख्य टीम के संरक्षक द्वय श्रीचंद सुंदरानी, लालचंद गुलवानी, अध्यक्ष अमर गिदवानी के नेतृत्व में महापंचायत के प्रमुख पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को 15 मार्च को बीटीआई ग्राउंड शंकरनगर में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम 'चंड्र जी रात' में शामिल होने आग्रह पत्र देकर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने महापंचायत की टीम को कार्यक्रम में शामिल होने आश्वस्त किया।

## पेज 09 के शेष ...

### शहर में गरजे बादल..

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक इस तरह का मौसम दो दिनों तक रहने की संभावना बनी हुई है। एक कम दबाव का क्षेत्र दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवर्ती परिसंचरण कमजोर होने लगा है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे उत्तर तटीय उड़ीसा के ऊपर मौजूद है। इसके साथ ही वायुमंडल के निम्न स्तर पर प्रदेश के उत्तर से पूर्वी हवा और दक्षिण से दक्षिणी हवा के प्रभाव से एक वायु संगमन क्षेत्र बना हुआ है। मौसमी तंत्र के प्रभाव से काफी मात्रा में नमी आ रही है, जिसके कारण प्रदेश में अगले दो दिनों तक एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इसके अलावा सरगुजा संभाग और उससे लगे बिलासपुर संभाग के जिलों में एक दो स्थानों पर ओला वृष्टि की स्थिति भी बन सकती है। प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### कोल घोटाले में फरार ...

कोर्ट ने भी उसके विरुद्ध गैर जमानती वारंट पूर्व में जारी किया है। इसके बाद भी नारायण ईओडब्ल्यू की गिरफ्त से बाहर था, लेकिन अब जाकर वह ईओडब्ल्यू के हाथ आया है। बताया जा रहा है कि जांच में पाया गया है कि नारायण कोल घोटाले के मास्टर माइंड सूर्यकांत तिवारी का बहुत करीबी सहयोगी रहा है तथा इस घोटाला में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विवेचना में यह भी तथ्य सामने आ चुके हैं कि सूर्यकांत के कहने पर नारायण कोल लेवी की राशि का कलेक्शन करने के साथ उसे सौम्या चौरसिया तक पहुंचाने का कार्य भी करता था। इसके अतिरिक्त विवेचना में यह भी पाया गया है कि सूर्यकांत ने नारायण के नाम पर विभिन्न संपत्तियां क्रय कर रखी हैं।

**खबर संक्षेप**

## राशन दुकान में मिली अनियमितता, कारण बताओ नोटिस जारी




**रायपुर।** नगर निगम उपायुक्त अंजली शर्मा ने मंगलवार को धरसींवां ब्लॉक के ग्राम पंचायत तिवरैया स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान में वितरण व्यवस्था, स्टॉक स्थिति एवं रिकॉर्ड संधारण की जांच की गई। इस जांच में अनियमितता पाई गई। इस आधार पर दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## कलेक्टर ने ली डाक सेवकों की समीक्षा बैठक



**रायपुर।** कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में कलेक्टर गौरव सिंह ने मंगलवार को डाक सेवकों की बैठक लेकर समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने डाक सेवकों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सभी रोजाना अपने डाक घरों में 0 से 05 वर्ष की आयु के बच्चों का आधार कार्ड बनाने का लक्ष्य 25 से अधिक रखें ताकि सभी बच्चों का आधार कार्ड जल्द से जल्द बन सके। उन्होंने सभी को डेली मॉनिटरिंग रिपोर्ट भेजने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने बच्चों के परिजनों से अपील की है कि जिनके बच्चों की उम्र 0 से 05 वर्ष की है वे 31 मार्च से पूर्व निःशुल्क रूप से अपने बच्चों का आधार कार्ड बनवा लें, क्योंकि मार्च 2026 के बाद यूआईडीएआई द्वारा आधार कार्ड बनाने पर शुल्क लगेगा।

## अपर कलेक्टर राठौर ने पीएमश्री स्कूल खोरपा का किया निरीक्षण



**रायपुर।** अपर कलेक्टर कीर्तिमान राठौर ने मंगलवार को खोरपा प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने पीएमश्री स्कूल, शासकीय उचित मूल्य की दुकान एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरपा अभनपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने स्कूल में विद्यार्थीयों लिए पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छता तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व शासकीय उचित मूल्य दुकान में चावल और नमन का जांच किया। इस अवसर पर जिला खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश के 28 भाजपा नेताओं ने 14 विषयों में मुंबई में लिया प्रशिक्षण, अब संभागों में जाकर देंगे प्रशिक्षण

**प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, सांसद, विधायक भी रहे कार्यशाला में**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी प्रशिक्षण महाभियान के तहत पश्चिम-मध्य क्षेत्रीय मुंबई में मंगलवार को हुई कार्यशाला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल सहित प्रदेश के 28 नेताओं ने भाग लिया। कार्यशाला में 14 विषयों के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रदेश से एक-एक विषय के लिए दो-दो नेताओं का चयन किया गया है। इन नेताओं ने दिनभर कार्यशाला में प्रशिक्षण लिया है। अब प्रदेश में सबसे पहले 27 और 28 फरवरी को संभागों में कार्यशाला होगी। इसमें मुंबई में प्रशिक्षण लेने वाले नेता प्रशिक्षण देने जाएंगे। संभाग के बाद मंडल और फिर जिलों में प्रशिक्षण कार्यशाला होगी।




### मुंबई की कार्यशाला में ये हुए शामिल

कार्यशाला में प्रदेश के भाजापा अध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय लता उसेंडी, प्रदेश प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, दीपक मस्हके, हाउसिंग बोर्ड चेयरमैन अनुराग सिंहदेव ,खनिज विकास निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, सांसद संतोष पांडेय, प्रदेश भाजपा कार्यालय प्रभारी असोक बजाज, सोशल मीडिया संयोजक मितुल कोठारी, प्रशिक्षण अभियान संयोजक डॉ. अवधेश जैन, प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी, शताब्दी पाण्डेय, टेकेश्वर जैन, शिवनारायण पाण्डेय, आई सेल संयोजक सुनील पिल्लई, सोमेश पाण्डेय शामिल हुए।

मुंबई में मंगलवार को दिनभर प्रशिक्षण वर्ग की कार्यशाला चली। इसमें छत्तीसगढ़ के साथ ही महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, दमन दीप, मप्र के भाजपा नेता शामिल हुए। इनको अलग-अलग वर्ग के राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया। राष्ट्रीय स्तर के नेताओं में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश के साथ ही अन्य नेता शामिल थे। अब प्रदेश के नेता मुंबई से वापस आने के बाद यहां पर 27 और 28 फरवरी को संभाग स्तर की कार्यशाला में जाकर जिलों की टोलियों को प्रशिक्षण देंगे। इसी के साथ 7 मार्च से 14 अप्रैल तक प्रदेश के 471 मंडलों में होने वाली प्रशिक्षण कार्यशाला में जिलों की टोली के सदस्यों के साथ ही मुंबई से प्रशिक्षण लेकर आने वाले नेता भी जाएंगे। मई में जिलों में प्रशिक्षण होगा। इसमें जिलों के पदाधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### उद्‌घाटन मैच जोन 7 और 10 की टीमों के मध्य खेला गया

# मीनल ने बल्लेबाजी कर रायपुर निगम मेयर कप क्रिकेट स्पर्धा का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।



राजधानी के नेताजी सुभाष स्टेडियम में मंगलवार शाम महापौर मीनल चौबे ने रायपुर नगर निगम मेयर कप क्रिकेट स्पर्धा का शुभारम्भ बल्लेबाजी करते हुए किया। रायपुर नगर निगम खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच जोन 7 और जोन 10 की टीम के मध्य खेला गया। जोन दस के लिए नकुल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया। पहले मैच में जोन 10 की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 139 रन बनाये, इसमें जोन 10 के लिए नकुल ने शानदार शतक लगाया। पहला मैच जोन 7 ने जोन 10 की टीम को हराकर जीत लिया। मैच में जोन 7 के खिलाड़ी गोपाल ने 22 गेंदों पर 68 रन बनाये. वे पहले मैच में मैन ऑफ द मैच रहे। मेयर कप क्रिकेट स्पर्धा के शुभारंभ अवसर पर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी और आयुक्त श्री विश्वदीप ने भी बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया।

**खास बातें**

- जोन 10 के लिए नकुल ने लगाया शानदार शतक
- उद्‌घाटन मैच जोन 7 की टीम ने जीता

### आज दो मैच

25 फरवरी को जोन 3 और जोन 2 और जोन 6 और जोन 9 की टीमों के मध्य दो मैच खेले जाएंगे. यह मैच शाम 6 बजे और रात्रि 8 बजे से खेले जाएंगे । स्पर्धा में प्रत्येक मैच 10 सीमित ओवरों का होगा। 26 और 27 फरवरी को दो - दो कवार्टर फाइनल मैच और 28 फरवरी को दो सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे।स्पर्धा का ग्रेंड फिनाले 1 मार्च को खेला जाएगा, सभी मैच संध्या 6 बजे से खेले जाएंगे

मेयर कप क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर निगम आयुक्त विश्वदीप, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, एमआईसी सदस्य महेन्द्र खोडियार, मनोज वर्मा, अमर गिदवानी, अवतार -भारती बागल, संतोष - सीमा साहू, भोलाराम साहू,दीपक जायसवाल, जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, अम्बर अग्रवाल, श्वेता विश्वकर्मा, सचिन बी. मेघानी,पार्षद आनंद अग्रवाल, राजेश गुप्ता, प्रमोद कुमार साहू, कैलाश बेहरा, राजेश देवांगन, अजय साहू, कृष्णा सोनकर,अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, जोन जोन कमिश्नर रुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता गजाराम कँवर सहित नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी, क्रिकेटप्रेमी उपस्थित रहे।

# सड़क मार्ग पर गंदगी फैलाई ढाबा संचालक पर जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के सड्डू स्थित प्रिंस ढाबा पर नगर निगम ने 8 हजार रुपए का ई जुर्माना लगाया है। सड़क मार्ग पर गंदगी फैलाने पर नगर निगम ने यह कदम उठाया है।

रायपुर नगर निगम ने स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ा रुख अपनाते हुए विधानसभा मार्ग सड्डू स्थित प्रिंस ढाबा के संचालक पर 8 हजार रुपए का ई जुर्माना ठोका है। निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश अनुसार जोन 9 की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जनशिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए औचक निरीक्षण कर यह कार्रवाई की।

- विधानसभा मार्ग सड्डू में प्रिंस ढाबा के पास स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण

सार्वजनिक स्थान पर गंदगी फैलाना बुधवार को प्रिंस ढाबा के संचालक को महंगा पड़ा। नगर निगम जोन 9 कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम सड्डू पहुंची, वहां उन्होंने प्रिंस ढाबा के सामने सड़क पर फैली गंदगी की शिकायत सही पाई। जोन स्वास्थ्य अधिकारी बारोन बंजारे, उमेश नामदेव और स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी ने मौके पर ही संबंधित ढाबा संचालक को चेतावनी देते हुए 8 हजार रुपए ई जुर्माना किया। इसके अलावा एक अन्य मामले में सार्वजनिक मार्ग को गंदा करने पर नागरिक मुन्ना साहू पर 1 हजार रुपए ई जुर्माना लगाया है।

नगर निगम के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शहर के सभी मुख्य मार्गों और रिहाइसी इलाकों में स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए अभियान जारी रहेगा, ताकि रायपुर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

# बिजली की डिमांड अभी से छह हजार मेगावाट पार, गर्मी में और चढ़ेगा खपत का पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में फरवरी में ही गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। इसके कारण बिजली की खपत का पारा भी चढ़ने लगा है। अभी खपत छह हजार मेगावाट के पार हो गई है। आने वाले समय में जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ेगा, वैसे-वैसे खपत का पारा भी चढ़ेगा। बीते साल खपत 67 सौ मेगावाट तक जाने की संभावना जताई गई थी, लेकिन खपत सात हजार मेगावाट तक चली गई। इस बार खपत सात हजार मेगावाट के पार जाने की पूरी संभावना है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने जहां अपने संयंत्रों के लिए भरपूर कोयले की व्यवस्था करके रखी है, वहीं सेंट्रल सेक्टर से भी चार हजार मेगावाट से ज्यादा बिजली लेने की व्यवस्था है। गर्मी में बिजली की कमी न होने का पॉवर कंपनी का दावा है। यह बात अलग है कि ऐन समय में अगर कंपनी के किसी संयंत्र में खराबी आ गई और वह बंद हो गया, तो जरूर कुछ समय के लिए संकट आ सकता है। ऐसे में जरूर कटौती करनी पड़ सकती है।

- बीते साल गर्मी में खपत सात हजार मेगावाट के पार गई थी

इस बार गर्मी का आगाज फरवरी से ही हो गया है। इसी के साथ बिजली की खपत भी लगातार बढ़ रही है। पहले खपत 55 सौ मेगावाट के पार गई लेकिन अब पारा 35 डिग्री के करीब पहुंचने के कारण खपत भी लगातार बढ़ रही है। अब पीकऑवर में खपत कभी छह हजार मेगावाट तो कभी इससे भी ज्यादा हो रही है। बीते साल मार्च में ही पारा लगातार आसमान पर जाने के कारण पूरे देश में बिजली की खपत बढ़ी थी और अपने राज्य में पहली बार मार्च में ही रिकॉर्ड खपत 63 सौ मेगावाट के पार होकर 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई थी। इस बार फरवरी या फिर मार्च में पिछला रिकॉर्ड टूट जाएगा।



**भरपूर व्यवस्था**

गर्मी में खपत को देखते हुए पूरी व्यवस्था की गई है। किसी भी तरह से कोई परेशानी नहीं होगी।

- संजीव कुमार कटियार
एमडी, उत्पादन कंपनी

### खपत का बनेगा नया रिकॉर्ड

इस बार गर्मी में जरूर खपत का नया रिकॉर्ड बनेगा। हो सकता है कि मार्च में भी बीते साल का रिकॉर्ड टूट जाए। मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी ज्यादा नहीं होती है जितनी बीते साल हुई थी। पहले फरवरी में खपत छह हजार मेगावाट के पार गई। इसके बाद मार्च में यह खपत खपत 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई। 17 मार्च को पीक आवर में खपत 6376 मेगावाट तक गई थी। इस बार मार्च का आगाज होने पर मालूम होगा कि पारा कहां तक जाता है। उसके हिसाब से खपत भी होगी। लेकिन यह बात तय है कि इस बार मई-जून में जरूर खपत सात हजार मेगावाट के पार होगी।

**बिलासपुर में लगाए गए अवैध मोबाइल टॉवर का मुद्दा उठा**

# अवैध मोबाइल टॉवर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा- परीक्षण करा लेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने बिलासपुर जिले में अवैध रूप से लगाए गए मोबाइल टावरों का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा, बिलासपुर जिले में कई जगहों पर अवैध टावर लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने जवाब में कहा, लिखित में दे दीजिए, परीक्षण करा लेंगे।

विधायक सुशांत शुक्ला ने पूछा कि मोबाइल टावर लगाने के लिए आवेदन किस विभाग द्वारा स्वीकार किया जाता है, कितने आवेदन किस-किस सेवा प्रदाता कंपनी से मिले हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मोबाइल टावर लगाने के लिए भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित 'राइट ऑफ वे' पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाते हैं।

सुशांत शुक्ला ने आगे सवाल किया कि वर्ष 2024 से जनवरी 2026 तक कितने आवेदन प्राप्त हुए और कितनों को अनुमति की गई?



### 426 आवेदन में से 18 को मिली अनुमति

मुख्यमंत्री ने बताया कि 426 आवेदन आए थे, जिनमें से 18 को अनुमति जारी की गई है। वहीं 246 आवेदन निजी भूमि से संबंधित होने पर संबंधित सेवा प्रदाता को सुचना दी गई है। इसके बाद विधायक सुशांत शुक्ला ने पूछा कि अवैध टावर पर कब और क्या कार्रवाई होगी? इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मामले की लिखित में जानकारी देने के बाद जांच की जाएगी।

## अरपा भैंसाझार परियोजना अनियमितता की जांच ईओडब्ल्यू कर रही

**रायपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बजट सत्र के दूसरे दिन एक बार फिर सदन में अरपा भैंसाझार परियोजना में हो रही 23.46 करोड़ के फर्जी भुगतान की अनियमितता का ममला उठाया। उन्होंने राजस्व मंत्री से पूछा कि अरपा भैसाझार परियोजना में हुई अनियमितता को स्वीकारा गया था, उन घोटालेबाजों पर क्या कार्रवाई की जा रही है।





उन्होंने कहा, कागज़ों में योजना की लाइनिंग, डिजाइन बदल दी गई और करोड़ों रुपए के मुआवजे की बंदरबांट कर दी गई। कांग्रेस कार्यकाल में यह फर्जीवाड़ा तो केवल एक गांव का उदाहरण है, इसी तरह पूरे राज्य में परियोजनाओं में करोड़ों रुपए का फर्जीवाड़ा किया है।

- अरपा भैंसाझार परियोजना में फर्जीवाड़ा थम नहीं रहा– धरमलाल

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब में कहा, मामले में हुए घोटाले की कार्रवाई ईओडब्ल्यू द्वारा प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि ईओडब्ल्यू द्वारा प्रारंभिक जांच 16 जुलाई 2025 को पंजीबद्ध कर की जा रही है। जल्द ही इसका परिणाम प्राप्त होगा और दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

श्री कौशिक ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, इस परियोजना की नींव पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के भाजपा शासन काल के दौरान पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवानी ने रखी थी और कांग्रेस के सत्ता में आते ही सभी योजनाओं जैसे इस परियोजना में भी भारी मात्रा में भ्रष्टाचार किया गया।

**पर्यावरण कार्यालय के सामने की जमकर नारेबाजी**

# शहर में बढ़ते प्रदूषण और काली डस्ट के खिलाफ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

**रायपुर।** शहर में लगातार बढ़ते प्रदूषण एवं काले डस्ट की समस्या को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के नेतृत्व में हीरापुर स्थित पर्यावरण कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण विभाग की निष्क्रियता और उदासीन रवैये के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता अपने अपने घरों में सनी काले धूल से ढके सफेद कपड़े साथ लेकर पहुंचे और उसे दिखाकर यह प्रमाणित किया कि शहर में प्रदूषण की स्थिति कितनी भयावह हो चुकी है। कांग्रेस ने कहा, यह केवल कपड़ों पर जमी धूल नहीं, बल्कि प्रशासन की लापरवाही का काला सच है।

**ईएसपी का नहीं हो रहा संचालन- मेनन :** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने शहर में लगातार बढ़ते प्रदूषण और काले डस्ट की भयावह स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त किया। रायपुर आज प्रदूषण की गिरफ्त में है और जिम्मेदार विभाग आंख मूंदकर बैठा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर के आसपास संचालित फैक्ट्रियों एवं प्लांटों में लगे ईएसपी नियमित रूप से नहीं चलाया जा रहा है। फैक्ट्री एवं प्लांट संचालक बिजली की बचत के नाम पर ईएसपी मशीनों को बंद रख रहे हैं, जिसके कारण भारी मात्रा में काला डस्ट सीधे वातावरण में फैल रहा है।






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 25 फरवरी 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



विकसित छत्तीसगढ़ और स्वदेशी ...


## एजुकेशन अलर्ट

## यूपीएससी असिस्टेंट कमांडेंट के पदों पर रजिस्ट्रेशन शुरू

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में असिस्टेंट कमांडेंट के पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया है। जो उम्मीदवार परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। अब वे यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इन पदों पर आवेदन करने के लिए एप्लीकेशन विंडो को एक्टिव कर दिया गया है। इसके साथ ही योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों से 12 मार्च, 2026 तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा, पीईटी और पीएसटी के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा में दो पेपर होंगे। पेपर-1 में उम्मीदवारों से 250 अंकों के प्रश्न और पेपर-2 में उम्मीदवारों से 200 अंकों के सवाल पूछे जाएंगे। लिखित परीक्षा 19 जुलाई, 2026 को आयोजित कराई जाएगी। पेपर-1 सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक और पेपर-2 दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक आयोजित कराया जाएगा। इस परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों को पीईटी और पीएसटी टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा।




### आवेदन करने के लिए जरूरी पात्रता मानदंड

आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की आयु की गणना 01 अगस्त, 2026 के आधार पर की जाएगी। उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 20 वर्ष व अधिकतम आयु 25 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। अधिसूचना के मुताबिक एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को आयु-सीमा में पांच वर्ष की छूट और ओबीसी उम्मीदवारों को तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों ने भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थाम से स्नातक पूरा किया हो।

**ऐसे करें अप्लाई :** यूपीएससी की ओर से असिस्टेंट कमांडेंट के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को शुरू कर दी गई है। उम्मीदवार यहां बताए गए निम्नलिखित स्टेप्स की मदद से खुद अप्लाई कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए सबसे पहले यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर विजिट करें। अब वेबसाइट के होमपेज पर ऑनलाइन अप्लाई लिंक पर क्लिक करें। लिंक पर क्लिक करने के बाद **UPSC CAPF AC Recruitment** 2026 लिंक पर क्लिक करें। इसके बाद मांगी गई सभी जानकारी को ध्यान से दर्ज कर लें। अंत में इसका एक प्रिंट आउट भी अवश्य निकाल लें।

### पूल पार्टी के लिए फार्म हाउस 80 प्रतिशत बुक, सुकून के लिए जंगल रिसॉर्ट्स की ओर रुख

# होली सेलिब्रेशन का बदला ट्रेंड, पूल पार्टी की डिमांड होटल-फार्म हाउस से लेकर रिसॉर्ट तक हाउसफुल

**रंगों और उमंगों का त्योहार होली जैसे-जैसे करीब आ रहा है, राजधानी में इसके जश्न की तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई हैं। शहर के बाजारों में जहां गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं, वहीं लोगों ने इस बार होली को खास और यादगार बनाने के लिए अभी से लंबी प्लानिंग कर ली है। बदलते वक्त के साथ राजधानीवासियों के होली मनाने के तरीके में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। अब लोग केवल अपनी कॉलोनियों या गलियों तक सीमित न रहकर परिवार और खास दोस्तों के साथ एक सुरक्षित और शानदार माहौल में होली सेलिब्रेट करना पसंद कर रहे हैं।**

**रायपुर।** यही वजह है कि शहर और आउटर में मौजूद होटल्स, फार्म हाउस और दूरदराज के रिसॉर्ट्स की एडवांस बुकिंग तेजी से चल रही है। लोग अपने बजट और शौक के अनुसार अलग-अलग डेस्टिनेशन चुन रहे हैं। कोई पूल की मस्ती चाहता है तो कोई शहर के शोर से दूर प्रकृति के बीच सुकून। इस वजह से पूल से लेकर रिसोर्ट की बुकिंग तेज हो गई है।



### शोर-शराबे से दूर रिसॉर्ट्स में सुकून वाली होली

एक तरफ जहां युवा पूल और डीजे की तेज धुनों पर थिरकना चाहते हैं, वहीं कई परिवार और प्रकृति प्रेमी ऐसे भी हैं, जो शहर की हुड़दंग से दूर एक शांत माहौल में होली मनाना चाहते हैं। ऐसे लोगों ने पर्यटन विभाग और प्राइवेट लग्जरी रिसॉर्ट्स का रुख किया है। छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर स्थित रिसॉर्ट्स की बुकिंग इतनी तेज है कि 3, 4 और 5 मार्च के लिए लगभग सभी जगहें फुल हो चुकी हैं। खासकर बलौदाबाजार जिले के बार नवापारा अभयारण्य, मुंगेली के अचानकमार टाइगर रिजर्व, कबीरधाम के चिल्पी घाटी और बस्तर के खूबसूरत प्राकृतिक वादियों में स्थित रिसॉर्ट्स पर्यटकों की पहली पसंद बने हुए हैं। यहां लोग जंगल सफारी और नेचर वॉक के साथ-साथ ऑर्गेनिक और हर्बल रंगों वाली पारंपरिक होली का लुत्फ उठाने की योजना बना रहे हैं। यहां रिसॉर्ट्स में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों और होलिका दहन का भी विशेष इंतजाम किया जा रहा है। समंदर किनारे छुट्टियां बिताने का प्लानकई परिवार ऐसे भी हैं जो इस लंबी छुट्टी का फायदा उठाकर छत्तीसगढ़ से बाहर हॉलिडे प्लान कर रहे हैं। इसके लिए शहर की प्रमुख ट्रेवल एजेंसियों के दफ्तरों में पूछताछ और बुकिंग का दौर लगातार जारी है। सबसे ज्यादा रुझान समुद्री तटों वाले डेस्टिनेशंस की ओर है। ट्रेवल एजेंट्स विनीत जैन के मुताबिक रायपुर से गोवा, पुरी और विशाखापट्टनम के लिए सबसे ज्यादा टूर पैकेज बुक किए जा रहे हैं। समुद्र किनारे बीच पार्टी और सी-फूड का मजा लेने के लिए युवाओं के ग्रुप और परिवार इन जगहों को चुन रहे हैं। फ्लाइट्स और ट्रेनों में कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो रहा है, जिसके चलते कई लोग अपनी निजी गाड़ियों या ट्रेवल्स की बसों से भी सड़क मार्ग के जरिए पुरी और विशाखापट्टनम का सफर तय करने की तैयारी कर रहे हैं।





### आउटर के फार्म हाउस और होटलों में पूल पार्टी की भारी डिमांड

होली के मौके पर इस बार राजधानी में सबसे ज्यादा क्रेज 'पूल पार्टी' का देखा जा रहा है। युवा वर्ग और पारिवारिक समूह ऐसी जगहों की तलाश में हैं, जहां वे रंगों के साथ-साथ पानी में मस्ती कर सकें। इसके चलते रायपुर से लगे आउटर इलाकों के छोटे-बड़े फार्म हाउस की डिमांड आसमान छू रही है। स्थिति यह है कि अभी से लगभग 80 प्रतिशत फार्म हाउस बुक हो चुके हैं। लोग ऐसे फार्म हाउस और होटलों को चुन रहे हैं, जहां बड़े और साफ स्वीमिंग पूल की सुविधा उपलब्ध हो। सेज बाजार, आरंग, नया रायपुर, परसदा के पूल संचालकों के अनुसार, होली के दौरान एक दिन या दो दिन के लिए फार्म हाउस का किराया 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपए तक पहुंच गया है। इस महंगे पैकेज में केवल जगह ही नहीं, बल्कि लग्जरी रूम्स, लजीज खाना, डीजे साउंड सिस्टम, रेन डांस सेटअप और पूल एक्सेस जैसी सुविधाएं एक साथ दी जा रही हैं। सबसे ज्यादा बुकिंग 4 मार्च के मुख्य आयोजन के लिए कराई जा रही है। सुरक्षा और प्राइवेसी के कारण भी लोग फार्म हाउस की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं।

## सिटी इवेंट

## बरसाने की छोरी, राधा गोरी गोरी...गीत पर झूमे दर्शक



**रायपुर।** मंगलवार को जिनकुशल दादाबाड़ी प्रागंण श्याम भजन बरसाने की छोरी, राधा गोरी-गोरी...गीत से गूंज उठा। कार्यक्रम में भजन गायकों की धाराप्रवाह भजन गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्वालियर के भजन गायक मनोज शर्मा, जयपुर की सुरभि चतुर्वेदी, भाटापारा के पलाश शर्मा ने जैसे ही मंच पर एक के बाद एक धाराप्रवाह श्याम भजनों की प्रस्तुति दी, पूरा प्रांगण भक्ति और प्रेमरस में डुबकी लगाने लगा। यह मौका था श्री श्याम संकीर्तन समिति रायपुर द्वारा श्याम रंग में रंगी चुनरिया भजन संध्या के आयोजन का। मीठे रस से भरियो री भजन को सुनकर तो दर्शकों का मन गदगद हो उठा। भजन संध्या जैसे-जैसे आगे बढ़ती गई, दर्शक इसके मधुर भजनों व धुनों में खोते गए। भजन संध्या में दर्शक आनंद का एहसास करते श्याम व राधारानी के प्रति गहरी भक्ति और प्रेम की वर्षा में भीगते गए। भजन गायक मानो हृदय की गहराइयों से भगवान श्रीकृष्ण के साथ अपनी अनकही भावनाएं साझा कर रहे हों। इस भजन संध्या में दर्शक गाते या झूमते अपने आपको श्याम के रंग में सराबोर होकर एक आध्यात्मिक भक्ति भाव में खोए नजर आए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे।



### श्याम के जयकारों से गूंजी भजन संध्या

दादाबाड़ी प्रांगण में श्याम रंग में रंगी चुनरिया भजन संध्या का देर रात तक भक्त आनंद उठाते रहे। यहां श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। देर रात तक आयोजित इस संकीर्तन महोत्सव में भारी संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के जयकारों के साथ अपनी हाजिरी लगाई।

### भक्तिभाव में विभोर होकर झूमने लगे

श्याम भजन कार्यक्रम में जयपुर की प्रसिद्ध भजन गायिका सुरभि चतुर्वेदी ने सुमधुर आवाज और धुन पर एक से बढ़कर एक सुंदर भजन प्रस्तुत किए, जिस पर श्रद्धालु भक्तिभाव में विभोर होकर झूमने लगे।

## वनबंधु परिषद की भजन प्रतियोगिता में सूरजपुर की टीम ने मारी बाजी

**रायपुर।** वनबंधु परिषद द्वारा एकल श्रीहरि कथा प्रसार योजना के अंतर्गत पिछले तीन माह से वनवासी कथाकारों द्वारा गांव-गांव, संच एवं अंचल स्तर पर सत्संग-भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का फाइनल कार्यक्रम मंगलवार को राजधानी रायपुर स्थित पाटीदार भवन फाफाडीह में सम्पन्न हुआ, जिसमें सूरजपुर की टीम ने बाजी मारी।प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल एवं महिला समिति अध्यक्ष कांता सिंघानिया ने बताया कि द्वितीय स्थान पर दंतेवाड़ा टीम व तृतीय स्थान पर कोंडागांव की टीम ने जीत हासिल की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, छत्तीसगढ़ प्रांत प्रचारक अभय राम, संभाग अध्यक्ष महेंद्रकांत संगानी, सचिव राजीव नंदे, उपाध्यक्ष भगवान दास बंसल, एसओसी प्रभारी ललित दानी, ग्रामोत्थान प्रभारी संजीव रुंगटा, युवा प्रभारी निकुंज सिंघल, गतिविधि प्रभारी राधेश्याम नायक, आरोग्य प्रभारी ऋषि कुमार भूपार्य, भाग सचिव प्रफुल्ल कुमार दुबे, गतिविधि प्रभारी रविशंकर साहू, उपाध्यक्ष अनुराधा सारडा, कृति सिन्हा आदि उपस्थित रहे।



### 15 टीमों ने फाइनल में दी प्रस्तुति

सचिव सरिता रेखानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश से विभिन्न स्तरों पर प्रतियोगिता में अव्वल रही 15 टीम ने राजधानी रायपुर में फाइनल प्रतियोगिता में प्रस्तुति दी। अब विजयी टीम अयोध्या में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकारी अध्यक्ष दीपक भीमसरिया, सचिव चंदनलाल जैन, वनयात्रा प्रभारी अनिल डागा, सचिव वार्ष्णेय जायसवाल, हरिकथा सत्संग समिति अध्यक्ष सुलोचना बंका का विशेष योगदान रहा। वही पाटीदार समाज के अध्यक्ष विश्राम पटेल, सचिव वेलजी पटेल, उपाध्यक्ष बाबू पटेल, माउजी भाई पटेल, पूर्व अध्यक्ष मगन पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## भारतीय स्त्रियों का गौरवशाली परंपरा की ओर लौटना है प्रत्यावर्तन

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ की अग्रणी महिला संस्था स्वयंसिद्धा द्वारा आयोजित गृहणियों की साहित्यिक गोष्ठी बेलन, चक्की और कलम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्मारिका प्रत्यावर्तन पर समीक्षा आलेख पढ़े गए। कार्यक्रम में चित्रकार साधना ढांड, मुख्य वक्ता सरला शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष संतोष झांझी और डॉ.सुचित्रा शर्मा उपस्थित थीं।

संस्था की डायरेक्टर डॉ. सोनाली चक्रवर्ती ने बताया कि महिलाओं में पठन- पाठन और साहित्यिक रुचि जगाने के लिए पिछले सात वर्षों से ऑनलाइन और ऑफलाइन कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गोष्ठियों का आयोजन किया जाता है, जहां घरेलु महिलाएं न केवल साहित्यकारों से रूबरू होती है बल्कि ज्ञान के जगत में प्रवेश करती है। महिलाओं के जागरूक होने से पूरे परिवार को सही दिशा प्राप्त हो सकती है। प्रमुख वक्ता सरला शर्मा ने भाषा की उत्पत्ति से लेकर महिला लेखन तक गंभीर विवेचना



पूर्ण उद्बोधन दिया। कवित्री संतोष झांझी ने महिला सशक्तिकरण एवं जागृति का गीत गाया। इस अवसर पर साधना ढांड को स्वयंसिद्धा सम्मान और माया बेनर्जी को तेजस्विनी सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आलेख पाठ आरती तिवारी, रत्ना दुफारे, स्मिता चौहान, राजकुमारी कनोजे, रीता वैष्णव, रंजना सूरज, राजश्री नायर, देबजानी मजूंमदार, रुमा डे, प्रियंका सिंह और संगीता जायसवाल दवरा किया गया। साथ ही प्रकाशक डॉ.सुधीर शर्मा ने वैभव प्रकाशन की ओर से उपस्थित सभी को उपहार स्वरूप पुस्तकें भेंट की। कार्यकारी अध्यक्ष रीता वैष्णव ने स्वागत भाषण और आभार व्यक्त डॉ.रजनी नेल्सन ने दिया।

### सामाजिक संगठनों से जुड़ी महिलाओं ने मंदिरों से शुरू किया फाग उत्सव

कार्नर न्यूज

# प्री-होली में महिलाओं ने खेली फूलों की होली, फाग गीतों से जमाया रंग

**रायपुर।** अर्जुन एनक्लेव आवासीय सोसाइटी की महिलाओं द्वारा बूढ़ातालाब गार्डन में प्री-होली सेलिब्रेशन मनाया। कार्यक्रम में सोसाइटी की महिलाओं ने भाग लेते हुए रंगों के इस पर्व का आनंद लिया। इस उत्सव में दीया मूलचंदानी, प्राची खेमानी, सोनिया अग्रवाल, चांदनी मूलचंदानी, रिया जैस्वानी, भावना पंजवानी, गुंजा गुप्ता, पूजा भार्गव, ममता तिवारी, सुरभि ठाकुर, विनीता पांडे एवं संध्या उपाध्याय सहित अन्य सदस्य एक साथ मिलकर शामिल हुए।






आयोजन के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक होली गीतों एवं विभिन्न होली-थीम आधारित खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर आपसी स्नेह और सौहार्द्र का संदेश दिया। स्वादिष्ट व्यंजनों एवं जलपान की विशेष व्यवस्था भी की गई थी, जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर सभी महिलाएं निर्धारित ड्रेस कोड के अनुसार चटक एवं ब्राइट रंगों के परिधानों में सुसज्जित होकर उपस्थित रहीं, जिससे पूरा वातावरण रंगमय और उत्साहपूर्ण हो उठा।

### भगवान राधाकृष्ण के साथ होली

राजधानी में होली से पहले ही रंगोत्सव का माहौल बनने लगा है। इसी क्रम में राजस्थानी प्रजापति महिला मंडल शंकर नगर ने फूलों की होली खेली। महिलाओं ने भगवान राधाकृष्ण ओर ठाकुरजी के साथ खेली। इस दौरान नई बहू का स्वागत और परिवार की बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान भी किया गया। बड़ी धूमधाम से होली फाग उत्सव मनाया गया।



## सिटी लाइव

# शिक्षण-उद्योग के बीच शोध, परामर्श और अनुभव को मिला बढ़ावा



**एनआईटी रायपुर के फैकल्टी सदस्यों ने किया गोदावरी पॉवर एंड इस्पात लिमिटेड रायपुर का दौरा**

**रायपुर।** एनआईटी के फैकल्टी सदस्यों ने गोदावरी पॉवर एंड इस्पात रायपुर का उद्योग-संस्थान सहभागिता पहल के अंतर्गत दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रत्येक विभाग से दो-दो प्राध्यापकों ने भाग लिया। बैठक सत्र के दौरान उद्योग-संस्थान सहयोग को और सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। जीपीआईएल के अधिकारियों ने उद्योग के समक्ष आने वाली विभिन्न तकनीकी एवं परिचालन संबंधी चुनौतियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर दोनों पक्षों ने इन चुनौतियों के समाधान हेतु शैक्षणिक एवं शोध-आधारित संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। दौरे के अंतर्गत औद्योगिक इकाइयों का विस्तृत निरीक्षण भी कराया गया, जिससे फैकल्टी सदस्यों को औद्योगिक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। साथ ही पर्यावरणीय सततता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए एक वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थान और उद्योग के बीच सहयोगात्मक शोध, परामर्श अवसरों तथा अनुभवात्मक शिक्षण को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर गोदावरी पॉवर एंड इस्पात के अधिकारी कर्मचारी एवं संस्थान के फैकल्टी के सदस्य उपस्थित रहे।

## राज्य के वार्षिक बजट-2026 पर नागरिकों और विषय विशेषज्ञों की राय

# महिला, युवा, किसान का जीवन खुशहाल बनाने का संकल्प, नए बजट से हर वर्ग में जागी उम्मीद

रायपुर। किसी भी देश या राज्य का बजट वहां के नागरिकों की जीवन स्तर को नया आयाम देता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने मंगलवार को अपना वार्षिक बजट पेश किया। इसमें राज्य के नागरिकों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, कृषि, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, अधोसंरचना निर्माण संबंधित विविध क्षेत्रों में आमूलचूल विकास के लिए आर्थिक प्रावधान किए हैं। इस संकल्प बजट-2026 को लेकर किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी, महिलाएं, स्टूडेंट्स, युवा, गृहिणी समेत सभी की अपेक्षाएं कितनी पूरी होंगी, यह बजट कितना जनता के हित में है, इसे लेकर हरिभूमि की टीम ने शहर के आम नागरिकों और विषय विशेषज्ञों से उनकी प्रतिक्रिया जानी। इस पर सभी ने अपने-अपने सुझाव के साथ बजट पर प्रतिक्रिया रखी।

### बेटियों का भविष्य किया सुरक्षित



शहर की गृहिणी अंजू मिश्रा का कहना है कि बजट में रानी दुर्गावती योजना के तहत 18 वर्ष पूर्ण होने पर बेटियों को डेढ़ लाख रुपए देने का प्रावधान उनके भविष्य को सुरक्षित करने वाली क्रांतिकारी कदम है। वहीं महतारी वंदन योजना, महतारी सदन, लखपति दीदी भ्रमण, आंगनबाड़ी से कुपोषण दूर करने अलग बजट का प्रावधान राज्य में महिला सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### बजट स्टार्टअप्स के लिए एक बड़ी सौगात



युवा स्टार्टअप डॉ. करण चंद्राकर का कहना है कि छत्तीसगढ़ का यह बजट स्टार्टअप्स के लिए एक बड़ी सौगात लेकर आया है, जहां छत्तीसगढ़ इनोवेशन स्टार्टअप प्रोन्नमन नीति 2025-30 के माध्यम से राज्य को मध्य भारत का स्टार्टअप हब बनाने का रोडमैप तैयार किया गया है। इस बजट में स्टार्टअप्स को रॉकेट स्पीड देने के लिए 100 करोड़ का समर्पित कैपिटल फंड युवाओं के नवाचार को मेट्रो शहरों के समकक्ष खड़ा कर राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

### शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाने की सोच



दानी गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य हितेश दीवान का कहना है कि बजट में आदिवासी दूरस्थ अंचलों से लेकर शहरों तक शिक्षा के प्रसार को बढ़ावा देने 22 हजार करोड़ का बजट प्रावधान सराहनीय है, जो सरकार के राज्य में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने की सोच को दर्शाता है। छात्रावास, नए कॉलेज, लाइब्रेरी की सौगात शिक्षा व्यवस्था को नया आयाम देगा।

### व्यापारी वर्ग के लिए सकारात्मक संकेत



सीए एवं व्यापारी चेतन तारवानी का कहना है कि बजट में सरकार ने सड़क, पुल, औद्योगिक क्षेत्र, बिजली और शहरी विकास का प्रावधान किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास से माल की ढुलाई आसान होगी, ट्रांसपोर्ट लागत घटेगी, नए निवेशक राज्य में आएंगे, छोटे उद्योगों से बाजार तक पहुंच बढ़ेगी, जिसका लंबे समय में उद्योगों को बड़ा फायदा होगा। सरकार सामाजिक योजनाओं पर भारी खर्च कर रही है, जिसके प्रभाव से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी, बाजार में मांग बढ़ेगी, रिटेल, निर्माण और सेवा क्षेत्र को फायदा, जो व्यापारी वर्ग के लिए सकारात्मक संकेत है।

### चिकित्सा सुविधा और मेडिकल एजुकेशन को बढ़ावा



डॉ. स्मित श्रीवास्तव, हृदय रोग विशेषज्ञ, मेकाहारा अस्पताल का कहना है कि आयुषमान योजना के अंतर्गत 1500 करोड़ और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए 2000 करोड़ का बजट प्रावधन से गरीब वर्ग तक चिकित्सा सुविधा का लाभ सहज होगा। वहीं नए मेडिकल कॉलेज, हॉस्टल, डायलिसिस सेंटर, औषधि केंद्रों से मेडिकल एजुकेशन, मैन पॉवर, मेडिसिन वितरण और एडवांस चिकित्सा को बढ़ावा मिलेगा।

### कर्मचारियों को मिलेगा कैशलेस का लाभ



विजय डागा प्रांतीय प्रवक्ता तृतीय श्रेणी कर्मचारी फेडरेशन ने बजट में कर्मचारियों के लिए कैशलेस की सौगात को स्वागतयोग्य फैसला बताया है। वहीं नई कर्मचारी भर्ती के निर्णय की भी सराहना की है। साथ ही कहा कि कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर करने का भी प्रावधान होता तो यह बजट और अधिक कर्मचारियों के हित में होता।

### छोटे किसानों के हित में बजट



कृषि अर्थशास्त्र विभाग इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के एचओडी हुलास पाठक ने राज्य बजट में किसानों को ब्याजमुक्त कर्ज के प्रावधान को एक अहम फैसला बताया है। वहीं 10 हजार करोड़ का दलहन-तिलहन फसल विविधिकरण का प्रावधान किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल बताया है। इससे छोटे व सीमांत किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी। हालांकि बजट में वैल्यू एडेड एग्रीकल्चर और आधुनिक कृषि टेक्नोलॉजी के समावेश को बढ़ावा देने की जरूरत थी।

### राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में करता बजट



पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के एओडी बीएल सोनेकर ने बजट को लेकर कहा है कि वर्ष 2026-27 के बजट में सरकार राज्य के राजकोषीय घाटा को 2.87 प्रतिशत रखा गया है, जो बजट मैनेजमेंट अधिनियम के अनुसार राज्य के जीएसडीपी का तीन प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए, जो इसके अंतर्गत हैं। यह बताते हैं कि राज्य की वित्तीय स्थिति नियंत्रण में है, और यही सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

### शिक्षा क्षेत्र के लिए अनुकूल बजट



शिक्षिका प्रवीणा गोस्वामी का कहना है कि पिछले दो बजट ज्ञान और गति पर आधारित थे। इस बार सरकार का संकल्प झलकता है। आदिवासी अंचल में शिक्षा का अलग जगाने की पहल, युवाओं के लिए शिक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बजट में अलग से प्रावधान किया गया है। कुल मिलाकर देखें तो केंद्रीय बजट को मानक रखकर राज्य में विकास की रूपरेखा तय की गई है, जो एजुकेशन सेक्टर के लिए अनुकूल बजट है।

## इवेंट लाइव

# साहित्यिक अध्ययन अनुभवों को व्यक्त और दर्ज करने में निभाता है अहम भूमिका



**रायपुर।** आईआईटी में संस्कृति, भाषा और परंपरा अध्ययन केंद्र के सहयोग से एसोसिएशन फॉर लिटरेरी अर्बन स्टडीज़ के साथ मिलकर पांच दिवसीय आवासीय प्रमाणपत्र पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को साहित्यिक शहरी अध्ययन में शोध करने के लिए आवश्यक सैद्धांतिक आधार प्रदान करना था। इसमें आधुनिक भारतीय साहित्य में घर की अवधारणा और उसके विभिन्न अनुभवों को किस प्रकार प्रस्तुत किया गया। इस पर विशेष ध्यान दिया गया। स्टूडेंट्स ने चयनित साहित्यिक कृतियों का अध्ययन करते हुए यह समझा कि इन अनुभवों को किस प्रकार अभिव्यक्त किया गया है, और आधुनिक दक्षिण एशिया में आवासीय संरचनाओं के विकास को भी परखा। इस अवसर पर टीयू चेमिनिटीज और एएलयूएस के अध्यक्ष प्रो. सेसिले सैंडटन, इंद्रप्रस्थ कॉलेज फॉर विमेन दिल्ली के डॉ. देबजानी सेनगुप्ता, एनआईटी रायपुर के स्वास्ति स्थापक और सीसीएलटी के एसोसिएट हेड डॉ. अनुभव प्रधान मौजूद थे। प्रो. सैंडटन ने बताया कि साहित्यिक अध्ययन लोगों के रोज़मर्रा के जीवनानुभवों को व्यक्त और दर्ज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उनके व्याख्यान में यह भी समझाया गया कि विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से शहरों को किस तरह वर्णित, विवादित और नए अर्थों में समझा जाता है। डॉ. अनुभव प्रधान ने भारत में आवासीय शैलियों के विकास पर चर्चा की। प्रो. स्वास्ति स्थापक ने भिलाई स्टील प्लांट टाउनशिप की योजना और स्थापत्य इतिहास पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि इसकी मूल अवधारणा क्या थी और समय के साथ इसका क्रमिक विकास कैसे हुआ।

# विकसित छत्तीसगढ़ और स्वदेशी संकल्प के साथ पूरा हुआ व्यापारियों का महाकुंभ



**रायपुर।** मंगलवार को बीटीआई ग्राउंड में पांच दिवसीय नेशनल ट्रेड एक्सपो-2026 का मंगलवार को गरिमामय माहौल में समापन हुआ।कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के इस समारोह में केंद्र और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों सहित व्यापारिक जगत की दिग्गज हस्तियों ने शिरकत की। एक्सपो के अंतिम दिन भारी तादाद में भीड़ उमड़ी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्सपो की सफलता के लिए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स को बधाई देते हुए कहा कि इस आयोजन से जनता को एक ही छत के नीचे खरीदारी में काफी आसानी हुई। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी है और इसी उद्देश्य से प्रदेश में नई औद्योगिक नीति लागू की गई है। मुख्यमंत्री ने नए बजट का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें व्यापारिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जो प्रदेश की आर्थिक तस्वीर बदलेंगे। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील जे. सिंघी ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा नक्सलवाद को 'नेस्तनाबूत' करने के संकल्प की सराहना करते हुए इसे व्यापारिक सुगमता के लिए क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की 36 की अखंड शक्ति प्रदेश को और विकसित बनाएगी।

### विकसित भारत-2047 का विजन

*प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 के विजन में छत्तीसगढ़ की भूमिका को अहम बताते हुए श्री सिंघी ने हर घर स्वदेशी के संकल्प पर जोर दिया और आज पेश हुए छत्तीसगढ़ बजट को व्यापारियों व आम जनता के लिए अत्यंत असरदार व दूरदर्शी करार दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में कैट के पदाधिकारियों ने सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। एक्सपो के समापन पर यह साझा संकल्प लिया गया कि छत्तीसगढ़ न केवल व्यापार का केंद्र बनेगा, बल्कि स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार में भी देश का नेतृत्व करेगा। इस पांच दिवसीय मेले ने न केवल करोड़ों का कारोबार किया, बल्कि स्थानीय सूक्ष्म और लघु उद्योगों को एक वैश्विक मंच प्रदान कर आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की नींव को और मजबूत किया है।*

# घरों के ओपन किचन में दरवाजे की जगह प्लास्टिक-मैक्रैम झालर पर्दे का बढ़ा ट्रेंड



**रायपुर।** नए घरों में आजकल ओपन किचन का काफी चलन बढ़ने लगा है। लोग ओपन किचन में दरवाजे की जगह प्लास्टिक, मैक्रैम झालर पर्दे लगाना पसंद कर रहे हैं। शहर की होम इंटीरियर डिजाइनर आकांक्षा दुबे बताती हैं कि ओपन किचन में पर्दे लगाएंगे तो किचन पूरी तरह से ढंक जाएगा और किचन भी पुरानी डिजाइन में नजर आने लगता है। इसलिए अगर चाहते हैं कि लुक मॉर्डन भी दिखे और किचन को ढंक भी दिया जाए तो आप घुंघरू या मोती वाली झालर लगा सकते हैं। इससे किचन के भीतर से थोड़ा-थोड़ा बाहर नजर आता रहता है और ऐसा भी नहीं लगता कि आपने पर्दे लगा दिए हैं। वहीं मोती और बीड्स वाले झालर मंहगे लग रहे हैं तो आप कपड़े वाले मैक्रैम झालर पर्दे भी लगा सकते हैं। इससे दरवाजा भी लगाने की जरूरत नहीं होती और ओपन किचन पूरी तरह से ढंका भी नहीं दिखता। इस तरह के पर्दे की खास बात ये है कि इसके गंदे होने पर आप इसे धो भी सकते हैं। ये लाइटवेट होते हैं और किचन को क्लासी लुक देते हैं। इसका चुनाव करते समय ध्यान रखें कि व्हाइट या ऑफ-व्हाइट रंग वाले ही झालर पर्दे चुनें।

### स्लाइडिंग फैब्रिक पैनल



झालर की जगह कोई और ऑप्शन ढूंढ रहे हैं, जो कम खर्च में किचन को बंद लुक के साथ स्टाइलिश लुक देने स्लाइडिंग फैब्रिक पैनल लगा सकते हैं। इस तरह के पर्दों की खास बात ये है कि स्मोक और गंध कंट्रोल में रहते हैं तथा किचन से बाहर नहीं जाते। अक्सर तड़का लगाने के बाद गंध पूरे घर में फैल जाती है, लेकिन इसके लगाने पर किचन के एग्जॉस्ट फैन से यह सीधा बाहर चला जाएगा और पूरे घर में नहीं फैलेगा।

### प्लांट ग्रीन पार्टिशन

इस तरह की डिजाइन से किचन को और भी ज्यादा मॉर्डन लुक मिलेगा। हरा-भरा नजारा घर को अच्छा वातावरण भी देता है। यह नेचुरल और फ्रेश फील देता है। कई लोग हैंगिंग मनी प्लांट या आर्टिफिशियल बेल्स लगा लेते हैं, चाहें तो रियल भी लगा सकते हैं, लेकिन इसमें आपको सफाई पर ध्यान देना होगा।

# रोजगार के अवसर डेवलप करने 12 दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण की शुरुआत

**रायपुर।** वाणिज्य एवं उद्योग विभाग और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 12 दिवसीय सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने एवं स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना तथा उन्हें व्यवहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से स्वयं का उद्यम स्थापित करने हेतु सक्षम बनाना रहा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों को व्यवसाय चयन की प्रक्रिया, परियोजना रिपोर्ट तैयार करना, पूंजी प्रबंधन, विपणन रणनीतियां, डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। बीजेपी की महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक ने कहा कि दृढ़ संकल्प, निरंतर प्रयास एवं उचित मार्गदर्शन से छोटे स्तर का व्यवसाय भी बड़ी सफलता में परिवर्तित हो सकता है। इस अवसर पर बोध कुमार, राजकुमार यादव, अरविन्द कुमार द्विवेदी, डॉ. पोषण लाल सिन्हा, तेज साहू, सविता सोनी, उषा पाल सहित अन्य मौजूद थे।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar
TEXMO
C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
Sunday Open
रूम-विन्डो
हॉल, डक्टिंग,
इण्डस्ट्रीयल कूलर
रूम ठंडा करने की गांरटी फीटिंग के साथ
75 नये माडलों के साथ विशाल शो-रूम
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ सेमीफाइनल में मयंक रहे प्लेयर ऑफ द मैच




**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से मेंस अंडर-23 कर्नल सी के नायुडु ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 16 अक्टूबर 2025 से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का क्वार्टर फाइनल मैच (21 फरवरी से 24 फरवरी) शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में राजस्थान अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने सेमी फायनल में प्रवेश किया।

राजस्थान अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 100.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 286 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से मयंक वर्मा ने 81 रन तथा राहुल प्रधान ने 58 रन बनाये। उनके अतिरिक्त दीपक यादव ने 36 तथा हर्ष साहु ने 24 रनों का योगदान दिया। राजस्थान अंडर-23 टीम की ओर से गणेश सुथार तथा चेतन शर्मा ने 3-3 विकेट तथा तथा मोहित चंग्रा ने 2 विकेट प्राप्त किए। राजस्थान ने अपनी पहली पारी में 75.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 181 रन ही बनाए। राजस्थान की ओर से सचिन यादव ने 75 रन तथा सुमित ने 28 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से वरुण सिंह भुई ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 6 विकेट प्राप्त किए। छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 102.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 284 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से मयंक वर्मा ने 90 रन तथा कप्तान दीपक यादव ने 84 रन बनाये। वहीं राजस्थान की ओर से चेतन शर्मा ने 3 विकेट तथा गणेश सुथार ने 3 विकेट प्राप्त किए। मैच की समाप्ति तक राजस्थान ने अपनी दूसरी पारी में 11 ओवरों में 5 विकेट खोकर 84 रन बनाये। राजस्थान की ओर से सुमित तथा दर्शन ने 21-21 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से देव आदित्य सिंह ने 4 विकेट प्राप्त किये। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। छत्तीसगढ़ ने पहली पारी की बढत के आधार पर सेमी फायनल में प्रवेश किया। मयंक वर्मा प्लेयर ऑफ द मैच बने। सेमी फायनल मैच 01से 04 मार्च तक तमिलनाडु के विरुद्ध रायपुर में खेला जाएगा।

### कृतेश का चयन ईस्ट ज़ोन विजी ट्रॉफी में



**कुम्हारी।** स्थानीय टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के उदीयमान क्रिकेटर कृतेश साहू का चयन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित विज्जी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए ईस्ट ज़ोन टीम में किया गया है।

यह चयन न केवल कृतेश की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि टर्मिनेटर इंटरनैशनल क्रिकेट एकेडमी के समर्पित प्रशिक्षण और उत्कृष्ट खेल संस्कृति का भी प्रमाण है। गौरतलब है कि विज्जी ट्रॉफी देश की प्रमुख अंतर-क्षेत्रीय (इंटर-ज़ोनल) क्रिकेट प्रतियोगिताओं में से एक है, जिसमें पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और मध्य ज़ोन की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलता है। इस प्रतियोगिता में चयनित होना किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है, क्योंकि यह राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का सशक्त मंच प्रदान करता है।

कृतेश साहू पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय टीम के दो बार कप्तान भी रह चुके है। टर्मिनेटर एकेडमी के मुख्य कोच एन.आई.एस क्रिकेट कोच डॉ शबाब कुरैशी ने कहा कि कृतेश शुरू से ही एक समर्पित और मेहनती खिलाड़ी रहे हैं। वो आधुनिक क्रिकेट के सशक्त विकेट कीपर बल्लेबाज है।

### छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा की टीम के बीच जारी है मुकाबला

**भिलाई।** महिला अंडर 23 वनडे एक्स्पोज़र मैच के तीन मैचौ की सीरीज छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा की टीमों के मध्य जारी है। आयोजक छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के इस मैच में बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 छत्तीसगढ़ ने यह मैच 43 रन से जीता।



बल्लेबाजी में छत्तीसगढ़ टीम 166 रन पर आउट हो गई। मांनश्री मौर्य ने 42 रन मिताली शर्मा ने 31 रन, चांद चेलक ने 25 रन और रूमा दास ने 24 रन बनाए। गेंदबाजी में ओडिशा की अनन्या मिश्रा एवं शारदा महानंद ने तीन-तीन विकेट लिए। अलकनंदा ने एक विकेट लिया। तीन खिलाड़ी रन आउट हुए। बल्लेबाजी में ओडिशा टीम 123 रन पर आउट हो गई। पूजा दास ने 53 रन, सुलगना नायक ने 29 रन और सुष्मिता ने 22 रन बनाए। गेंदबाजी में छत्तीसगढ़ की तानिया बेरिया ने 5 विकेट, शांति बघेल ने दो विकेट, साक्षी शुक्ला एवं ऋषिका श्रीवास्तव ने एक-एक विकेट लिए और एक खिलाड़ी रन आउट हुई।

सुबह का स्वागत करें सेहतमंद ढंग से, रहेंगे हमेशा स्वस्थ्य

# दिन की शुरुआत के साथ ही छोड़नी होगी कुछ आदतें, आज से ही कर लें इनमें सुधार

स्वस्थ दिनचर्या आपको कई प्रकार की बीमारियों से बचाने में मददगार हो सकती है। विशेषकर सुबह की आदतों को लेकर सभी लोगों को और भी अलर्ट रहने की सलाह दी जाती है। इसका सीधा असर आपकी सेहत और उत्पादकता पर देखा जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सुबह की आदतें अगर अच्छी होंगी तो आपका पूरा दिन बेहतर और ऊर्जा से पूर्ण हो सकता है। मन की सकारात्मकता और शरीर को स्वस्थ-फिट बनाए रखने में सुबह की कुछ आदतों का विशेष योगदान हो सकता है।

पोषण विशेषज्ञ बताते हैं, जीवन में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना जरूरी है और इसके लिए जरूरी है कि आप सुबह की आदतों को ठीक रखें। सुबह जल्दी उठने से लेकर आहार में कुछ बदलाव आपके लिए कई प्रकार से लाभकारी हो सकते हैं। सभी लोगों को स्वस्थ दिनचर्या का पालन करते रहना जरूरी है। कुछ आदतों को अभी से छोड़ने का निश्चय कर लें।

### अलार्म को बार-बार न करें स्किप

सुबह बेड से जल्दी उठ पाना हम में से ज्यादातर लोगों के लिए किसी कठिन टास्क से कम नहीं होता है। क्या आप भी अक्सर सुबह का अलार्म बार-बार स्किप करके स्नूज़ बटन दबाते हैं ताकि थोड़ी देर और नींद पूरी की जा सके? अगर हां तो इस आदत में तुरंत सुधार कर लें। अलार्म को स्नूज करने से सुबह जल्दी उठने की आदत प्रभावित हो सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि सुबह जल्दी उठना आपके शारीरिक और मानसकि दोनों प्रकार की सेहत के लिए बेहतर है।



### चाय-कॉफी से न करें दिन की शुरुआत

चाय-कॉफी में कैफीन पाई जाती है, ये आपको कुछ ही समय में ऊर्जा तो प्रदान कर देती है पर सुबह खाली पेट या बहुत अधिक मात्रा में कैफीन का सेवन करते हैं तो इसके कई प्रकार के साइड इफेक्ट्स की भी खतरा हो सकता है। यदि बहुत अधिक मात्रा में कैफीन का सेवन करते हैं तो इससे नींद की समस्या, चिंता और मूड में बदलाव से संबंधित दिक्कतों का जोखिम हो सकता है। इसके अलावा हाई कैफीन का सेवन हृदय स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।



### सुबह का नाश्ता न करें स्किप

कई लोगों का मानना है कि नाश्ता न करने से वजन घटाने में मदद मिलती है। लेकिन वास्तव में ये आदत आपके लिए फायदे की जगह बहुत नुकसानदायक हो सकती है। नाश्ता न करने से मोटापा बढ़ने, मधुमेह और हृदय रोग की समस्याओं का जोखिम भी हो सकता है। शोध से पता चलता है कि रात में 6-8 घंटे खाली पेट रहने के बाद सुबह का नाश्ता न करना आपमें कमजोरी का कारण बन सकती है। पौष्टिक नाश्ता करना शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण आदतों में से एक है।



### व्यायाम के लिए समय न निकालना

गतिहीन जीवनशैली को शोधकर्ताओं ने कई प्रकार की बीमारियों को बढ़ाने वाला पाया है। अगर आप सुबह व्यायाम करते हैं तो इससे शरीर सक्रिय होता है और मस्तिष्क में हैपी हार्मोन बढ़ता है। वहीं अगर व्यायाम न किया जाए तो इसके कारण वजन बढ़ने और मोटापा होने के साथ दिल का दौरा, स्ट्रोक और सांस लेने में समस्या ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट की शारीरिक गतिविध के लिए रोजाना समय जरूर निकालना चाहिए।

## एलिट ग्रुप क्रिकेट में जारी है मुकाबले अभिषेक और संजीत की शानदार पारी

■ कांकेर, भिलाई और राजनांदगांव में चल रहे मैच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट का आयोजन 21 फरवरी से किया जा रहा है। चौथे दिन रायपुर विरुद्ध भिलाई रायपुर एवं भिलाई के मध्य मैच कांकेर में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 179 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 509 रन बनाये। रायपुर की ओर से के किवनूर सिंह छाबडा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये नाबाद 210 रन तथा अनुराग साहु ने 71 रन बनाये। उनके अतिरिक्त अनुज तिवारी ने 56 रन तथा ऋषि शर्मा ने 54 रन बनाये। वहीं भिलाई की ओर से हर्ष शर्मा तथा नमन ध्रुव ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। भिलाई ने अपनी पहली पारी में 120 ओवरों में 10 विकेट खोकर 312 रन बनाये। भिलाई की ओर से संजित देसाई ने 110 रन तथा हर्ष शर्मा ने 33 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से गगनदीप सिंह ने 4 विकेट तथा आयुष ठाकुर ने 2 विकेट प्राप्त किए। मैच की समाप्ति तक फॉलोआन खेलते हुये भिलाई ने अपनी दूसरी पारी में 20 ओवरों में 1 विकेट खोकर 36 रन ही बनाये। मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। रायपुर ने पहली पारी की बढत प्राप्त की।





तीन दिवसीय मैच बिलासपुर एवं रायपुर ब्लू के मध्य सिविक सेंटर मैदान भिलाई में खेला गया। बिलासपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बिलासपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 122.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 342 रन बनाए। बिलासपुर की ओर से सन्नी पांडे ने सर्वाधिक 114 रन तथा इम्तियाज खान ने 55 रन बनाए। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से उत्कर्ष तिवारी ने 4 विकेट तथा अमितेश पांडे ने 3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी में 95.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 371 रन बना लिए है। रायपुर ब्लू की ओर से सानिध्य हुरकत ने 190 रन तथा शाश्वत शारदा ने 123 रनों का योगदान दिया।

वहीं बिलासपुर की ओर से मोहित राउत तथा ओम वैष्णव ने 4-4 विकेट प्राप्त किए। मैच की समाप्ति तक बिलासपुर ने अपनी दूसरी पारी में 84.2 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 315 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से अभिषेक सोहगौरा ने नाबाद 101 रन तथा अभिजीत ताह ने 74 रन बनाये। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से उत्कर्ष तिवारी ने 3 विकेट प्राप्त किये। मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। रायपुर ब्लू ने पहली पारी की बढत प्राप्त की।

## जोड़ों का दर्द सताए तो इस्तेमाल करें तिल का तेल



बदलते मौसम में ज्यादातर लोग जोड़ों, हड्डियों, मसल्स, घुटनों और अर्थराइटिस के दर्द से परेशान रहते हैं। कई लोगों को दर्द इतना सताता है कि वह खड़े रहना, बैठना, चलना और झुकना जैसे रोजाना के काम भी नहीं कर पाते हैं। दर्द से बचने के लिए लोग नेचुरल उपायों की खोज में रहते हैं। ऐसे में आप नाभि पर तिल का तेल लगाकर जोड़ों में दर्द से काफी हद तक राहत पा सकते हैं। इसके बारे में हमें एक्सपर्ट जूही कपूर बता रही हैं।

नाभि थेरेपी तेलों से नाभि की मालिश करने का शक्तिशाली सदियों पुराना तरीका है, जो शरीर को डिटॉक्स करता है और कई बीमारियों को ठीक करता है। आयुर्वेद के अनुसार, नाभि शरीर की चेतना का मूल है, जहां बहुत सारी एनर्जी स्टोर होती है। नाभि 72 हजार नसों के माध्यम से शरीर के लगभग हर अंग से जुड़ी होती है, इस प्रकार नाभि की मालिश करने से नर्व एंडिंग उत्तेजित होती है। इससे आपको कई तरह के हेल्थ बेनिफिट्स मिलते हैं। नर्व एंडिंग आपके शरीर की सतह और उसके अंदर लाखों प्वाइंट्स हैं, जो गर्मी, ठंड और दर्द जैसी संवेदनाएं महसूस होने पर ब्रेन को संदेश भेजते हैं।

तिल को इसके पौष्टिक गुणों के कारण ₹तिलहनों की रानी₹ कहा जाता है। आयुर्वेद में हमेशा से ही तिल के तेल का अहम स्थान रहा है। तिल के तेल का इस्तेमाल खाने, मालिश करने और नाभि पर डालने के लिए सबसे ज्यादा किया जाता है। शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर, तिल का तेल शरीर में सूजन को कम करने में मदद करता है और फ्री रेडिकल्स के कारण होने वाले ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करता है।



## बच्चे को अकेला छोड़ने से पहले ध्यान में रखें कुछ जरूरी बातें

कई बार छोटे बच्चों को अकेला छोड़कर हमें बाहर जाना होता है। ऐसे में इन 5 बातों को आप भी जान लें। छोटे बच्चे काफी नादान होते हैं। अगर आप भी अपने छोटे बच्चों को कभी- कभी घर में अकेला छोड़कर बाहर जाती हैं तो उन्हें कुछ महत्वपूर्ण चीजों के बारे में बताना जरूरी हैं। इससे आपके बच्चे सुरक्षित रहेंगे। इन दिनों छोटे बच्चे के किडनैपिंग के मामले काफी ज्यादा बढ़ गए हैं। ऐसे में जरूरी हैं कि बच्चों को कुछ खास चीजें बता दी जाएं।

### अनजान व्यक्ति से ना करें बात

हमेशा घर में बच्चों के साथ रहा जाएं ऐसा हो नहीं सकता। ऐसे में आपको अपने बच्चों को बताना चाहिए कि कोई भी अनजान व्यक्ति घर पर आता है तो उनसे बात ना करें। इतना ही नहीं, उन्हें घर के अंदर आने की अनुमति भी नहीं देनी चाहिए।



### खाना बाहर से ऑर्डर ना करें

कई बार ऐसा देखा गया है कि डिलीवरी बाय अकेले बच्चे को देखकर घर में आकर चौरी जैसी वारदात कर देता है। ऐसे में आपको अपने बच्चों को यह कहना चाहिए कि अकेले होने पर वह बाहर से कोई भी चीज ऑर्डर ना करें।

### रसोई घर बंद कर दें

अगर आपके बच्चे शरारती है तो आपको घर में उन्हें छोड़ने से पहले रसोई घर को अच्छे से बंद कर देना चाहिए। ताकि वह किचन में जाकर गैस को ना छेड़ सकें। उनकी जरूरत का सामान जैसे खाना, पानी उनके कमरे में ही आपको रख देना चाहिए।

### फोन करने को कहें

उन्हें बोलों की किसी भी चीज की जरूरत होने पर आपको उन्हें तुरंत फोन करना चाहिए। ऐसे में आपको उन्हे अपना नंबर बता देना चाहिए या फिर आप नंबर लिखकर भी अपने बच्चों को दे सकते हैं।

### टास्क देकर जाएं

अगर आप चाहती हैं कि आपका बच्चा कुछ ना करें तो उन्हें कुछ भी टास्क दे। जैसे की उन्हें कहे कि वह अपना स्कूल का सारा काम निपटा लें। ऐसे में जब तक आप वापस आएंगे वह अपने काम में व्यस्त रहेगा।



कार्नर न्यूज

ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक हीरा सभी नहीं पहन सकते

# हीरा सदा के लिए है जरूर लेकिन सभी के लिए कुछ राशियों के स्वामी सोच समझ कर पहनें

आपको अपनी राशि को ध्यान में रखते हुए ही कोई भी रत्न धारण करने की सलाह दी जाती है। अगर आप हीरा रत्न किसी भी रूप में पहनती हैं तो आपको इसके बारे में ज्योतिष से पूरी जानकारी लेनी चाहिए।

कोई भी धातु किसी भी व्यक्ति के लिए शुभ हो ऐसा जरूरी नहीं होता है। ऐसे ही कुछ रत्नों को भी आपके लिए शुभ नहीं माना जाता है और उन्हें धारण करने से फायदे की जगह नुकसान होने लगते हैं। इन्हीं रत्नों में से एक है हीता।

ऐसा कहा जाता है कि हीरा प्रत्येक राशि के लिए सकारात्मक प्रभाव नहीं डालता है और कुछ ऐसी राशियां भी हैं जिन्हें हीरे के गहने किसी भी रूप में धारण करने की मनाही होती है। यदि इन राशियों के लोग हीरे के गहने धारण करते हैं तो इसके दुष्प्रभाव हो सकते हैं। ऐसी मान्यता है कि यदि आप ज्योतिष के नियमों का भली - भांति पालन करते हैं तो आपको कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। आइए ज्योतिषाचार्य डॉ आरती दहिया से जानें कि किन राशि के लोगों को हीरे के गहने नहीं पहनने चाहिए।



### किन राशियों को नहीं पहनना चाहिए हीरा

ज्योतिष की मानें तो कुछ ऐसी राशियां हैं जिन्हें हीरे के गहने या हीरे की अंगूठी नहीं पहननी चाहिए। यदि इन राशियों के लोग हीरे के गहने या अंगूठी पहनते हैं तो फायदे की जगह नुकसान हो सकते हैं।

इन राशियों में से मेष, मीन, कर्क और वृश्चिक हैं जिन्हें हीरा पहनने या अपने पास रखने से मना किया होता है। इन राशियों के लोग यदि इन रत्न को किसी भी रूप में धारण करते हैं तो उनके जीवन में बेवजह परेशानियां आ सकती हैं।

### किन राशियों के लिए हीरा पहनना हो सकता है शुभ

यदि हम ज्योतिष की मानें तो कुछ ऐसी राशियां भी हैं जिनके लिए हीरा धारण करना बहुत शुभ हो सकता है और यदि आप इन राशियों से संबंधित हैं तो आपके लिए हीरा एक सौभाग्य बढ़ाने वाला रत्न हो सकता है। इन राशियों के लिए हीरा रत्न बहुत शुभ हो सकता है। इन राशियों में से मुख्य हैं कन्या और तुला राशि। ऐसा माना जाता है कि यदि आपकी राशि इनमें से कोई भी है तो आपके लिए हीरा पहनना बहुत शुभ हो सकता है।

### हीरा कौन सी उंगली में पहना जाता है?

ज्योतिष के अनुसार हीरे की अंगूठी हमेशा दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली में धारण करनी चाहिए। इस उंगली में पहनी गई अंगूठी से आपको कारोबार में सफलता के साथ करियर में भी उन्नति हो सकती है। इस तरह हीरा पहनने से आपको जीवन में सफलता मिलती है। तर्जनी उंगली को आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है और इसे दृढ़ता, स्थायी, और संकेत की दृष्टि से संबोधित किया जाता है। यदि आप इस उंगली में हीरे की अंगूठी पहनती हैं तो आपको समाज में उच्च स्थान की प्राप्ति, धन की प्राप्ति और राजसी गुणों की प्राप्ति हो सकती है। इसके साथ ही यदि आप रिंग फिंगर में अंगूठी पहनती हैं तो ये आपके जीवन में प्रेम को बनाए रखने में मदद करती है।

### हीरा किस तरह से धारण करना चाहिए?

अगर आप हीरे का कोई भी आभूषण धारण कर रहे हैं तो आपको ध्यान देना चाहिए कि आप इसे धारण करने से पहले अपनी अंगूठी या लॉकेट को गंगा जल, दूध, मिश्री और शहद मिले पानी में एक रात के लिए डुबोकर रखा रहने दें।



SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..

NABH




सुपर स्पेशलाइज़्ड स्पाइन सेंटर

# सेंट्रल इंडिया का पहला Spine With O-Arm AI नेविगेशन टेक्नोलॉजी



छत्तीसगढ़ का एकमात्र मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल - रोबोटिक स्पाईन सर्जन के साथ

## अत्याधुनिक सुविधाएं

- AI नेविगेशन सर्जिकल असिस्टेन्स
- लाईव 3D इमेजिंग
- मिनिमल इन्वेसिव (छोटे से चीर द्वारा) सर्जरी
- ऑप्टिमम एक्यूरेसी (सूक्ष्मता एवं सटीकता)
- फास्ट रिकवरी
- मिनिमल पोस्ट ऑप फिजियोथेरेपी

## अत्याधुनिक इलाज

- M.E.D. (Micro Endoscopic Discectomy)
- स्कोलियोसिस / कायफोसिस
- स्लिप डिस्क/सायटिका
- स्पाईन ट्यूमर/टी.बी./कैंसर
- MIS - TLIF
- सर्वाइकल एवं क्रेनियोवर्टिबल सर्जरी
- डीप ब्रेन ट्यूमर

15000+ से अधिक सर्जरीज़ के अनुभव के साथ



Dr. Sunil khemka
Head of Department, Orthopaedics

Dr. Manindra Bhushan
Consultant Spine Surgeon

Dr. Rupesh Verma
Consultant Neurosurgeon

Dr . Sandesh Agrawal
Consultant Spine Surgeon

आयुष्मान भारत योजना, CGHS, SECR, SECL, ECIC, SAIL, CSEB, FCI, NMDC, SBI
सभी इन्श्योरेंस कंपनियों एवं सभी कॉर्पोरेट संस्थाओं से कैशलेस ईलाज की सुविधा उपलब्ध

मंडी रोड, गंज मंडी के पास, पंडरी, सेक्टर 5 के पीछे, देवेंद्र नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492004 • फ़ोन: 093003 73737